


राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ




वर्ष 14, अंक 98 | पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | दुर्ग, शुक्रवार 24 जनवरी 2025 | www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### सिद्धू मूसेवाला की तरह गैंगस्टर गटारू की हुई हत्या, बदमाशों ने बरसाई ताबड़तोड़ गोलियां

**जम्मू।** पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या की तरह जम्मू में भी बदमाशों ने एक थार में बैठे गैंगस्टर गटारू पर गोलियां बरसाई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। तीन हमलावरों ने लाल रंग की थार गाड़ी में सवार गैंगस्टर सुमित जंडियाल उर्फ गटारू को नजदीक से चार गोलियां मारीं। तीन गोलियां गटारू को लगीं। इस हत्याकांड को अंजाम देने के बाद तीनों हमलावर एक स्कूटी सवार को धक्का माकर उसकी स्कूटी छीनकर फरार हो गए। गटारू हत्याकांड को प्रसिद्ध पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या की तरह ही अंजाम दिया गया है। वारदात के समय गटारू अकेले ही थार में सवार था। उसके पास भी पिस्तौल थी, लेकिन उसे वह निकाल नहीं पाया। वहीं, इस हत्याकांड के दो घंटे के भीतर ही इंटरनेट मीडिया के इंस्टाग्राम पर खौफ गैंग ने पोस्ट कर इस वारदात की जिम्मेदारी भी ले ली।

### देश के कई हिस्सों में फिर लौटेगी ठंड, पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में कड़ाके की ठंड एक बार फिर दस्तक देने वाली है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और कई राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में बर्फबारी और बारिश मौसम विभाग के अनुसार, 23 जनवरी तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में कई जगहों पर बारिश और बर्फबारी की संभावना है। 22 जनवरी को राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में भी बारिश हो सकती है। इसके अलावा, 22 जनवरी को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, चंडीगढ़ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गरज के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी हिमाचल प्रदेश में बुधवार और गुरुवार को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी होने की संभावना है। हालांकि, इसके बाद 27 जनवरी तक मौसम शुष्क रहेगा।

### हमने करवाया था प्रयागराज महाकुंभ में सिलेंडर ब्लास्ट: खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स

**नई दिल्ली।** प्रयागराज महाकुंभ मेले के दौरान सिलेंडर ब्लास्ट को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। खबर यह है कि इस घटना की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने ली है। संगठन ने इसे लेकर कुछ मीडिया संस्थानों को ई-मेल भेजी है, जिसमें कहा गया है कि यह पीलीभीत फेक एनकाउंटर का बदला है। यह ब्लास्ट ष्टरू योगी को केवल अलर्ट है। यह शुरुआत है। हालांकि इस ईमेल की सत्यता की पुष्टि कोई नहीं करता। उल्लेखनीय है कि हाल ही में प्रयागराज के महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर 19 में श्रीकरपात्र धाम वाराणसी और गीता प्रेस गोरखपुर के शिविर में आग लगने से फूस और बांस के बने 280 कॉटेज जलकर राख हो गए थे। इन कॉटेजों में रखे 13 एलपीजी सिलिंडर भी आग की चपेट में आकर फट गए और अफरातफरी मच गई थी।

### 128वीं जयंती पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की

# पीएम मोदी का आह्वान, विकसित भारत के लिए एकजुट रहें

**नई दिल्ली/ एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाने वाली उनकी 128वीं जयंती पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की और भारतीय युवाओं से 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए नेताजी के जीवन से प्रेरणा लेने का आग्रह किया। मोदी ने कहा कि आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्मजयंती के पावन अवसर पर पूरा देश श्रद्धापूर्वक उन्हें याद कर रहा है। मैं नेताजी सुभाष बाबू को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के पराक्रम दिवस का भव्य उत्सव नेताजी की जन्मभूमि पर हो रहा है। मैं ओडिशा की जनता को, ओडिशा सरकार को इसके लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। मोदी ने कहा कि कटक में नेताजी के जीवन से जुड़ी एक विशाल प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी में नेताजी के जीवन से जुड़ी अनेक विरासतों को एक साथ सहेजा गया है। कई चित्रकारों ने कैनवास पर नेताजी के जीवन प्रसंग की तस्वीरें उकेरी हैं। उन्होंने कहा कि इन सबके साथ नेताजी पर आधारित कई पुस्तकों को भी इकट्ठा किया गया है। नेताजी की जीवन यात्रा की ये सारी विरासत 'मेरे युवा भारत' को एक नई ऊर्जा देगी। उन्होंने कहा कि आज जब हमारा देश विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में जुटा है, तब नेताजी सुभाष के जीवन से हमें निरंतर प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि आज विश्व मंच पर भारत की भूमिका बढ़ रही है, भारत की आवाज बुलंद हो



रही है। वो दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा। हमें नेताजी सुभाष की प्रेरणा से 'एक लक्ष्य-एक ध्येय' विकसित भारत के लिए निरंतर काम करते रहना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नेताजी के जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य था 'आजाद हिंद'। उन्होंने अपने संकल्प की सिद्धि के लिए अपने फैसले को एक ही कसौटी पर परखा 'आजाद हिंद'। उन्होंने कहा कि नेताजी एक समृद्ध परिवार में जन्में। उन्होंने सिविल सर्विसेज की परीक्षा पास की। वो चाहते तो अंग्रेजी शासन में एक वरिष्ठ अधिकारी बनकर आराम की जिंदगी जीते। लेकिन उन्होंने आजादी के लिए कष्टों को चुना, चुनौतियों को चुना, देश-विदेश में भटकना पसंद किया। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष सुविधा क्षेत्र के बंधन में नहीं बंधे। इसी तरह आज हम सभी को विकसित भारत के निर्माण के लिए अपने सुविधा क्षेत्र से बाहर निकलना है। हमें खुद को विश्व स्तर पर सर्वोत्तम बनाना है, उत्कृष्टता को चुनना ही है, दक्षता पर फोकस करना है। मोदी ने कहा कि नेताजी ने देश की स्वतंत्रता के लिए आजाद हिंद फौज बनाई। इसमें देश के हर क्षेत्र, हर वर्ग के वीर-वीरांगनाएं शामिल थे। सबकी भाषाएं अलग-अलग थी, लेकिन भावना एक थी - देश की आजादी।

उन्होंने कहा कि यही एकजुटता आज विकसित भारत के लिए भी बहुत बड़ी सीख है। तब स्वराज के लिए हमें एक होना था, आज विकसित भारत के लिए हमें एक रहना है। उन्होंने कहा कि बीते दशक में 25 करोड़ भारतीयों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। ये बहुत बड़ी सफलता है। आज गांव हो या शहर, हर तरफ आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा है, साथ ही भारत की सेना की ताकत में भी अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

### मोदी और केजरीवाल पर राहुल का वार

# नईदिल्ली को शीला दीक्षित का विकास मॉडल चाहिए

**नई दिल्ली/ एजेंसी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली अब पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित का वास्तविक विकास मॉडल चाहती है, न कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल का झूठा प्रचार और पीआर मॉडल। गांधी ने फेसबुक पर महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए एक वीडियो असेंबल साझा किया। पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने हिंदी में अपने फेसबुक पोस्ट में कहा कि खराब निर्माण, गंदगी,



महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण और भ्रष्टाचार - दिल्ली की सच्चाई जनता के सामने है। राहुल गांधी ने जोर देते हुए कहा कि दिल्ली अब मोदी और केजरीवाल का झूठा प्रचार और क्क्र मॉडल नहीं - शीला दीक्षित जी का वही सच्चा विकास मॉडल मांग रही है। गांधी बुधवार को सदर बाजार विधानसभा क्षेत्र में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित नहीं कर सके क्योंकि वह अस्वस्थ थे और उन्होंने रैली में पढ़े गए एक संदेश के माध्यम से लोगों से चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने की अपील की। अपने खराब स्वास्थ्य के कारण गांधी मंगलवार को 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली के लिए कर्नाटक के बेलगावी भी नहीं जा सके और इससे पहले नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में उनका राजनीतिक कार्यक्रम भी नहीं हो सका।

### फलों से लदा ट्रक खाई में गिरने से 8 लोगों की दर्दनाक मौत, 10 गंभीर रूप से घायल

**येल्लापु।** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 63 पर आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। सावनूर से कुमटा बाजार जा रहा सब्जियों और फलों से लदा एक ट्रक येल्लापुर के पास अरेबैल और गुल्लापुरा के बीच खाई में गिर गया, जिससे 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, हादसा सुबह करीब 5:30 बजे हुआ जब ट्रक चालक ने किसी अन्य वाहन को रास्ता देने के प्रयास में अपना नियंत्रण खो दिया। परिणामस्वरूप, ट्रक सड़क के बाईं ओर चला गया और लगभग 50 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। ट्रक में 30 से अधिक लोग सवार थे, जिनमें ज्यादातर सब्जी विक्रेता थे।

### यादगार हो सकता है इस साल का बजट

# बजट में हो सकते हैं इनकम टैक्स स्लैब में बड़े बदलाव

**नई दिल्ली/ एजेंसी**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को वित्त वर्ष 2025-26 का पूर्ण बजट पेश करेंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का यह 8वां बजट होगा। देश के विभिन्न आय वर्ग से जुड़े लोगों को इस बजट से काफी उम्मीदें हैं। इस कारण इसे उम्मीदों का बजट भी कहा जा रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक सरकार इस बार के बजट में हेल्थ सेक्टर, जीडीपी ग्रोथ, महंगाई, टैक्स स्लैब आदि चीजों पर फोकश करेगी। देश में ग्रोथ को रफ्तार देने के लिए कई पॉलिसीज में



बदलाव किए जा सकते हैं। इसके अलावा इनकम टैक्स में भी बदलाव देखने को मिल सकते हैं। हालांकि, इस साल के बजट में क्या होगा? इस बारे में तभी पता चलेगा जब केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को देश का पूर्ण बजट पेश करेंगी। इसी सिलसिले में आइए जानते हैं इस साल का बजट क्यों यादगार हो सकता है और इसमें क्या क्या बदलाव हो सकते हैं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में बताया कि देश में करीब 65 फीसदी से ज्यादा करदाता न्यू टैक्स रिजीम को अपना चुके हैं। इसका तात्पर्य यह है कि हर 3 में 2 लोग न्यू टैक्स रिजीम के अंतर्गत टैक्स फाइल कर रहे हैं। सरकार न्यू टैक्सरिजीम को साल 2020 में लेकर आई थी। हालांकि, अब सरकार का ध्यान न्यू टैक्स रिजीम को ज्यादा आकर्षक बनाने पर है। इसी वजह से न्यू टैक्स रिजीम में लगातार कई बदलावों को अंजाम दिया जा रहा है।

### गुड्डू उर्फ बलदेव राज्य कमेटी मेंबर एससीएम का नक्सली नेता था

# मुठभेड़ में 25 लाख का इनामी नक्सली गुड्डू और उसकी पत्नी भी ढेर, इधर नारायणपुर में इनामी सहित 8 नक्सलियों का सरेंडर.....

**रायपुर/ संवाददाता**

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों की शिनाख्त हो रही है। मुठभेड़ में 25 लाख का इनामी नक्सली गुड्डू भी मारा गया है। गुड्डू के साथ उसकी पत्नी अंजू की भी शिनाख्त हो गई है। गुड्डू उर्फ बलदेव राज्य कमेटी मेंबर एससीएम का नक्सली नेता था। गुड्डू की पत्नी अंजू जिला कमेटी मेंबर ष्ठष्टरूथी। 4 दिनों के मुठभेड़ यानी एंटी नक्सल ऑपरेशन के बाद जवान वापस लौट आए हैं, लेकिन अभी भी सर्चिंग जारी है। बता दें कि कुल्हाड़ीघाट के भालूडिग्गी जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ खत्म हो चुकी है। इस मुठभेड़ में मारे गए 14 नक्सलियों के शव को लेकर जवान जिला मुख्यालय पहुंचे, जिसके बाद दो और वर्दीधारी एक पुरुष और एक महिला नक्सलियों के शव बरामद हुए थे, जिनकी शिनाख्त आज हुई है। घटनास्थल से सुरक्षाबलों ने एक्च-47, एक कंट्री मेड राइफल और नक्सली सामग्री बरामद किया है। सुरक्षा बलों ने कुल 16 नक्सलियों को मार गिराया है। वहीं मुठभेड़ से लौटे जवानों से रायपुर रेंज के आईजी रूबरू होंगे। आईजी अमरेश मिश्र मैनपुर



(गरियाबंद) गए हैं। वहीं ओडिशा के नुआपड़ा एसओजी के करीब 75 जवान ऑपरेशन के बाद वापस कैंप में लौट चुके हैं। इधर बुधवार को सुरक्षाबलों के ऑपरेशन से घबराकर नारायणपुर में आठ नक्सलियों ने सरेंडर किया है, जिसमें कुतुल एरिया कमेटी के इंटेलीजेंस प्रभारी दिलीप ध्रुवा भी शामिल है। ध्रुवा पर 5 लाख रुपये का इनाम घोषित था। तीन नक्सलियों पर एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। सरेंडर करने से अबूझमाड़ डिवीजन के माओवादियों को बड़ा झटका लगा है। नारायणपुर स्क्र रॉबिंसन गुड़िया ने कहा कि 'माड़ बचाव अभियान'' की कल्पना सार्थक हो रही है। फोर्स के दबाव में नक्सली बैकफुट पर हैं और वे लगातार सरेंडर कर रहे हैं या फिर मुठभेड़ में मारे जा रहे हैं। बीजापुर में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के स्टेट हाइवे को दहलाने की योजना को विफल करते हुए आवापल्ली से बासागुड़ा मार्ग के तिम्मापुर के दुर्गा मंदिर के पास से करीब 50 किलो का आईईडी बरामद कर नक्सली मंसूबे पर पानी फेर दिया है। सीआरपीएफ 168 बटालियन की बीडीएस टीम ने तिमापुर दुर्गा मंदिर के पास स्थित पुलिया के नीचे लगा रखे आईईडी को बरामद कर उसे डिफ्यूज कर दिया।

### हवा में फेंके गए डुप्लिकेट नोट

# अरविंद केजरीवाल को दिखाए गए काले झंडे

**नई दिल्ली।** हरि नगर विधानसभा क्षेत्र में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के चुनाव प्रचार के बाद काले झंडे लहराए गए। रैली के बाद जब वह कार्यक्रम स्थल से बाहर निकले तो डुप्लिकेट नोट हवा में फेंके गए। हरि नगर से क्क विधायक, राजकुमारी ढिल्लों, जो एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में दिल्ली चुनाव 2025 लड़ रही हैं, हरिनगर निर्वाचन क्षेत्र में अपने प्रचार के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से टकरा गईं। अरविंद केजरीवाल सुरिंदर सेतिया के लिए प्रचार कर रहे थे, जिन्होंने हरि नगर विधायक राजकुमारी ढिल्लों की जगह ली है,




जिन्हें पार्टी ने फिर से सीट से मैदान में उतारा है। प्रचार के दौरान अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ जी दिल्ली आए हैं, मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि यूपी में सरकारी स्कूलों की हालत कितनी खराब है।

### दिल्ली के सियासी दंगल में योगी बोले

# क्या कैबिनेट के साथ यमुना में स्नान कर सकते हैं केजरीवाल

**नई दिल्ली/ संवाददाता**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को किरारी में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित किया, और मतदाताओं से आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का समर्थन करने का आग्रह किया। रैली में भारी भीड़ उमड़ी क्योंकि सीएम योगी ने विकास, कानून व्यवस्था में सुधार और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन का वादा किया। आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल की आलोचना तेज करते हुए योगी ने सवाल किया कि क्या आप नेता और उनके मंत्री प्रदूषित यमुना नदी में डुबकी लगाने की हिम्मत करेंगे। योगी ने चुनौती देते हुए कहा कि अगर एक मुख्यमंत्री के तौर पर मैं और मेरे मंत्री प्रयागराज में संगम में डुबकी लगा सकते हैं तो मैं दिल्ली में आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल से पूछना चाहता हूं कि क्या वह अपने मंत्रियों के साथ जाकर यमुना में स्नान कर सकते हैं? मुझे नहीं लगता कि वे इसकी हिम्मत करेंगे और मुझे नहीं लगता कि दिल्ली के लोग इस लापरवाही के लिए उन्हें माफ करेंगे। योगी ने कहा कि यह राष्ट्रीय राजधानी है। एनडीएमसी क्षेत्र के अलावा दिल्ली में सड़कों, पानी की आपूर्ति और बिजली की स्थिति पर नजर डालें। एक दशक पहले, लोग बेहतर बुनियादी ढांचे, मेट्रो सेवाओं और स्वच्छता के लिए यहां आते थे। लेकिन



अब इस सरकार ने इसे क्या बना दिया है? सड़कें गड्ढों से भरी हैं, और कुछ स्थानों पर, यह बताना मुश्किल है कि गड्ढों के नीचे कोई सड़क है या नहीं। जगह-जगह कूड़े के ढेर और गंदगी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली में कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, सड़कों पर सीवेज बह रहा है और गंभीर पेयजल संकट मंडरा रहा है। आप सरकार इन बुनियादी मुद्दों को संबोधित करने में विफल रही है। आप नेतृत्व की आलोचना करते हुए, आदित्यनाथ ने उन पर वास्तविक शासन पर सोशल मीडिया को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, जनता के लिए काम करने के बजाय, अरविंद केजरीवाल सहित आप नेता अपना समय झूठ बोलने में बिताते हैं। अगर उन्होंने शासन में उतना ही प्रयास किया होता, तो दिल्ली बदल सकती थी। योगी ने कहा कि आप अनुमान करिए कि 13 जनवरी से पौष पूर्णिमा से आज तक इन 10 दिनों में 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी के संगम में पावन स्नान किया है। आप प्रयागराज में जाएंगे तो शानदार सड़कें मिलेंगी, कहीं गंदगी नजर नहीं आएगी और बिजली पूरे समय मिलेगी। सड़क से लेकर रेल तक और हवाई तीनों की बेहतरीन कनेक्टिविटी मिलेगी। अगर हम मुख्यमंत्री के रूप में और पूरी कैबिनेट के साथ संगम में स्नान कर सकते हैं, तो मैं केजरीवाल जी से पूछता हूं कि क्या वो और उनकी कैबिनेट यमुना जी में स्नान कर सकते हैं? केजरीवाल ने यमुना को गंदे नाले में तब्दील कर दिया है।

# निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि बर्दाश्त नहीं, प्रशिक्षण को गंभीरता से लें - कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी

### नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 : सम्पूर्ण प्रक्रिया का विधिवत पालन करते हुए कार्य करने किया प्रोत्साहित

### विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण संपन्न



**मुंगेली ( समय दर्शन )** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राहुल देव ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन मतदान केंद्रों पर की गई व्यवस्था के साथ-साथ वहां पर नियुक्त कर्मचारियों के निष्पक्षता, सजगता और कार्यकुशलता पर ही निर्भर करता है। मतदान केंद्र के प्रमुख अधिकारी के रूप में पीठासीन अधिकारी को निर्वाचन की विधि, प्रावधान एवं मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया का पूरा ज्ञान होना जरूरी है। उन्होंने विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मार्गदर्शिका का गहन अध्ययन करने और पीठासीन अधिकारियों को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान कोई भी शंका उत्पन्न होती है, तो उसका समाधान प्रशिक्षण सत्र में ही कर लें। निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हुए मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया को बारीकी समझें।

प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को पीठासीन अधिकारी के समस्त कर्तव्य एवं अधिकार, मतदान सामग्री की प्राप्ति, मतदान केंद्र में व्यवस्था, मतपेटी, मतदान का समय, मतगणना, मतदान दल का प्रशिक्षण, मतदान दल की नियुक्ति, मतदान केंद्र में प्रवेश, अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं का प्रवेश, मतदान केंद्र के पास प्रचार पर रोक, अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव कैंप लगाया जाने पर प्रतिबंध, भारतीय दंड संहिता, आदर्श आचरण संहिता, मतदान स्थगित करने पर तत्काल की जाने वाले कार्यवाही, पीठासीन अधिकारी की डायरी, मतों की पुनर्गणना, मतगणना के बाद की कार्यवाहियां, मतदान उपरांत सामाग्री वापसी इत्यादि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मेनका प्रधान, डिप्टी कलेक्टर सुश्री सारिका मित्तल सहित संबंधित अधिकारी और जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर राघवेन्द्र सोनी, चन्द्रशेखर उपाध्याय, संजय सोनी, मोहन उपाध्याय और के. अहमद मौजूद रहे।

## कमलेश स्वर्णकार ने महापौर पद के लिए लिया आम आदमी पार्टी से नाम निर्देशन फॉर्म

**राजनंदगांव ( समय दर्शन )।** शहर में सक्रिय तीन राष्ट्रीय पार्टी में से एक आम आदमी पार्टी के मेयर पद के उम्मीदवार कमलेश स्वर्णकार ने आज समर्थकों के साथ पहुंचकर अपना नाम निर्देशन फॉर्म लिया, उनकी इस उम्मीदवारी से यह कयास लगाए जा रहे हैं कि कांग्रेस बीजेपी इन दोनों राष्ट्रीय दलों से नाराज बड़ी संख्या में मतदाता और कार्यकर्ता वरिष्ठ पत्रकार श्री स्वर्णकार की तरफ अवश्य पलटी मारेंगे। इससे आम आदमी पार्टी बड़े फायदे में रहेग, इसको लेकर आम आदमी पार्टी में हर्ष व्याप्त है।

श्री स्वर्णकार छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय रहे है और लंबे समय से पत्रकारिता क्षेत्र में काम कर रहे है।



नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगरीय निकाय हेतु कमलेश स्वर्णकार ने महापौर पद के लिए आम आदमी पार्टी से नाम निर्देशन फार्म लेने के दौरान मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष भूपेश तिवारी, चंद्रमणि वर्मा, चित्र गुरुदेव, ललित गुप्ता, मंजू मिश्रा, सुरजीत सिंह भाटिया, अशोक चौबे, प्रभांशु खोब्रागढ़े, सोमेश्वर रामटेके, आरिफ खान, विवेक सिंह, कुलेश्वर साहू, शाहिद भाई, राजू यादव, बृजकिशोर शर्मा, धीरेंद्र राजपूत, पंचराम साहू, पवन पटवा, विजय गुप्ता, अर्चना ठाकुर, वरुण तिवारी, हेमराज वर्मा, ललित साहू, अधिवक्ता विनोद शुक्ला, रमेश यादव, शुभम शर्मा, मोहित राजपूत, सुदामा साहू, विक्रांत उमरी, राहुल गजभिए, राजू रामटेके, भूपेंद्र साहू, राजेश देशमुख, यीशु चांदनी, खपरी राम साहू, भागवत साहू, दीपक तिवारी, गौरी शंकर साहू सहित आम आदमी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## दुर्ग आबकारी विभाग द्वारा भारी मात्रा में मध्यप्रदेश की हाई रेंज शराब जप्त, आरोपी वाहन सहित गिरफ्तार

### आचार संहिता में दुर्ग आबकारी विभाग ने शराब माफियाओं पर बड़ी कार्यवाही कर कसा नकेल

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** कलेक्टर दुर्ग सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के दिशा-निर्देश, उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता दुर्ग जी. के. भगत निर्देश एवं सहायक आयुक्त आबकारी जिला दुर्ग सी आर साहू के मार्गदर्शन में दिनांक 22 जनवरी को रात्रि गश्त के दौरान आबकारी विभाग जिला दुर्ग के द्वारा अवैध शराब के परिवहन, धारण एवं विक्रय की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित एवं विधिवत् कार्यवाही कर कैम्प 2 क्षेत्र, भिलाई में आरोपी संजय कुमार सैनी के कब्जे से मध्य प्रदेश प्रांत की हाई रेंज की शराब 26 बोतल ब्लेंडर्स प्राइड, 12 बोतल ब्लैक



व्हाइट को ज्यूपिटर स्कूटी दो पहिया वाहन क्रमांक सीजी 07 बी बी 2947 में परिवहन करते हुए रंगे हाथों पकड़ कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 36 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर सहायक जिला आबकारी अधिकारी सुप्रिया शर्मा वृत्त भिलाई 2 द्वारा आरोपी को जेल दाखिल किया गया है। उक्त शराब में कुल 26 बोतल ब्लेंडर्स प्राइड व 12 बोतल ब्लैक एंड व्हाइट का बाजार मूल्य लगभग 63440 रूपये साथ ही परिवहन में प्रयुक्त दो पहिया वाहन की कीमत लगभग 20000 रूपये है। इस प्रकार जप्त सामग्री की कुल बाजार मूल्य लगभग 83440 रूपये है। इस प्रकरण मे जिला दुर्ग आबकारी विभाग के सहायक जिला आबकारी अधिकारी धीरज कन्नौजिया, पंकज कुजूर, आबकारी उप निरीक्षक हरीश पटेल, भूपेंद्र नेताम, प्रियांक ठाकुर, आरक्षक संदीप तिर्की, देव प्रसाद पटेल, खुलदीप यादव, अशोक वर्मा एवं वाहन चालक दीपक राजू, दुर्गा साहू एवं धनराज का योगदान रहा।

## अवैध रूप से धान खपाने वाले कोचियों-बिचौलियों पर कड़ी निगरानी रखें - कलेक्टर



### धान खरीदी में गड़बड़ी की आशंका पर तत्काल सूचित करें - पुलिस अधीक्षक

### कलेक्टर-एसपी ने किया जरहागांव धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण

**मुंगेली( समय दर्शन )** कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने जरहागांव धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां समिति प्रभारी से लक्ष्य के विरूद्ध अब तक की कुल धान खरीदी की मात्रा, मिलर्स द्वारा उठाव की स्थिति, विक्रय कर चुके पंजीकृत किसानों की संख्या आदि के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी शासन का महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। धान खरीदी का कार्य अंतिम पड़ाव पर है। शेष बचे पंजीकृत किसानों से धान खरीदी का कार्य समय पर पूर्ण कर लिया जाए। कोई भी पंजीकृत किसान धान विक्रय करने से वंचित नहीं होना चाहिए। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में धान के उठाव एवं रखरखाव की व्यवस्था देखी और अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर जिला प्रशासन को तत्काल अवगत कराएं। उन्होंने संबंधित एसडीएम और राजस्व अधिकारियों को अवैध रूप से धान खपाने वाले कोचियों-बिचौलियों पर कड़ी निगरानी रखने, कोटवारों से सतत संपर्क बनाए रखने, खरीदी केंद्रों में जाकर भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अवैध रूप से धान खपाने वालों की सूचना मिलने पर राजस्व और पुलिस की टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की जा रही है। कहीं भी धान खरीदी के दौरान कोई गड़बड़ी की आशंका होती है, तो तत्काल सूचित करें। धान खरीदी के अंतिम समय में कोचियों-बिचौलियों द्वारा अवैध रूप से धान खपाने की संभावना बढ़ जाती है। इस पर कड़ी निगरानी रखें और गंभीरतापूर्वक कार्य करते हुए धान खरीदी कार्य को संपादित करें।

## जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-2 से चित्रलेखा वर्मा ने दावेदारी ठोंकी

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले में आरक्षण की स्थिति साफ हो जाने के बाद दावेदारों की सूचियां अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ने लगी है। इन्हीं सब के बीच जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-2 सीट से सबसे ज्यादा चर्चा अगर किसी नाम की हो रही है तो वह हैं चित्रलेखा वर्मा की। चित्रलेखा वर्मा पहले भी जिला पंचायत की अध्यक्ष रह चुकी हैं और इस बार भी इसकी पूरी संभावना है कि कांग्रेस पार्टी एक बार फिर से उन्हें ही मौका दे। चित्रलेखा वर्मा के लिए दो बातें सबसे अहम है और वो हैं एक तो जिला पंचायत अध्यक्ष महिला आरक्षित सीट हो गई है, वहीं दूसरी तरफ वो पहले भी जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं और सफ्लतापूर्वक अपना ऐतिहासिक कार्यकाल पूरा कर चुकी हैं। इन्हीं सब के चलते उनके नाम की चर्चा विरोधी खेमे में भी होने लगी है, और इस चर्चा ने विरोधी खेमे की नींद उड़ा दी है। विरोधी खेमे से यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि यदि चित्रलेखा वर्मा को कांग्रेस पार्टी टिकट देती है तो कौन ऐसा



प्रत्याशी होगा जो उनको सीधी टक्कर दे सके, जब तक उनके नाम की चर्चा नहीं हुई थी तब तक राजनीतिक गलियारों में कोई हलचल नहीं थी, लेकिन जैसे ही श्रीमती वर्मा का नाम सामने आया, मानो विरोधी खेमे में भूचाल आ गया हो। श्रीमती वर्मा की दावेदारी ने विरोधी खेमे को ठिठकने पर मजबूर कर दिया है और अज्ञात सूत्रों से यह भी मालूम चला है कि, विरोधी खेमे में या रणनीति ही बदली जाएगी या तो प्रत्याशी ही बदल दिया जाएगा। यही नहीं उनके निर्वाचन क्षेत्र से भी उन्हें जिला पंचायत सदस्य बनाए जाने की मांग जोरदार ढंग से उठाई जा रही है। ग्रामीणों की मांग पर श्रीमती वर्मा ने अपनी दावेदारी ठोकने का भी अब मन बना लिया है। देखा जाए तो उनके जैसी अनुभवी और कद्दावर नेता उक्त क्षेत्र या क्षेत्र के आसपास कोई दूसरा नही है। बतौर जिला पंचायत अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने जो उल्लेखनीय कार्य किया है उसका दूसरा कोई सानी नहीं है। राजनीतिक पृष्ठभूमि की अगर बात करें तो वर्तमान में वो प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव है। अतिरिक्त गतिविधियों के अंतर्गत राजीव गांधी पंचायती राज में जिला समन्वयक, महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव, संरक्षक जिला महिला लोधी समाज जैसे महत्वपूर्ण पदों का निर्वहन बखूबी कर चुकी हैं। राजनैतिक पृष्ठभूमि की अगर बात करें तो वर्ष 2015- 2020 तक उन्होंने सफ्लतापूर्वक जिला पंचायत अध्यक्ष का अपना कार्यकाल पूरा किया। 2010-2015 में जिला पंचायत सदस्य रहीं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सक्रिय सदस्य रहीं। वर्ष 2000-2005 में कृषि ऊपज मंडी राजनांदगांव की अध्यक्ष रही।

## शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक खेल प्रतियोगिता संपन्न

**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के क्रीड़ा विभाग द्वारा दिनांक 21.01.2025 को ऑउटडोर प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर दौड़, गोली चम्मच दौड़, तीन तंगडी दौड़, रिले रेस, स्लो साईकिल रेस, गोला फेंक तया फेंक एवं लंबी कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. ओपी गुप्ता, प्राचार्य-शासकीय महाविद्यालय, जालबांधा, दुर्ग थे। अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा ने छात्राओं को शासन द्वारा दिए गए खेल सुविधाओं से अवगत कराया। साथ ही छात्राओं को अधिक से अधिक खेलों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया।

मुख्य अतिथि डॉ. ओपी गुप्ता द्वारा छात्राओं को शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहने हेतु खेलकूद में हिस्सा लेने एवं प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ओमप्रकाश



शर्मा द्वारा किया गया।

आउटडोर प्रतियोगिता का परिणाम निम्नानुसार रहा-100 मीटर दौड़ में प्रथम हेमलता कोमरे (बीए तृतीय वर्ष), द्वितीय विधि पटेल (बीए तृतीय वर्ष), तृतीय अंजली निषाद (बीएससी द्वितीय वर्ष), त्रिटंगी दौड़ में प्रथम अमीषा साहू (बीए तृतीय वर्ष) एवं विधि पटेल (बीएएण् तृतीय वर्ष), द्वितीय प्रिया पटेल (बीएससी प्रथम वर्ष) एवं अंजली निषाद (बीएससी द्वितीय वर्ष), तृतीय पूनम यादव (बीएससी द्वितीय वर्ष) एवं लोकेश्वरी (बीए द्वितीय वर्ष), गोली चम्मच दौड़ में प्रथम फ्नेश्वरी साहू (बीए द्वितीय वर्ष), द्वितीय संध्या नेताम (बीएससी द्वितीय वर्ष) एवं तृतीय भारती नेताम (बीए द्वितीय वर्ष), रिले रेस में प्रथम अमीषा साहू (बीए तृतीय वर्ष), विधि पटेल (बीए तृतीय वर्ष), प्रिया पटेल (बीएससी प्रथम वर्ष) भारती नेताम (बीए द्वितीय वर्ष), द्वितीय भारती कंवर (बीएससी द्वितीय वर्ष), तीजेश्वरी (बी. कॉम द्वितीय वर्ष), संध्या नेताम (बीणएसण्सीण् द्वितीय वर्ष) वीणा लाटिया, (बीएससी तृतीय वर्ष), तृतीय कविता साहू (बीए), दिव्य कविता (बीए द्वितीय वर्ष), रीना यादव (बीए द्वितीय वर्ष), चांदनी निषाद (बीए द्वितीय वर्ष), लंबी कूद में प्रथम अमीषा साहू (बीणएण् तृतीय वर्ष), द्वितीय विधि पटेल (बीए तृतीय वर्ष), तृतीय लोकेश्वरी (बीए तृतीय वर्ष), गोला फेंक में प्रथम लोकेश्वरी (बीए तृतीय वर्ष), द्वितीय अमीषा साहू (बीए तृतीय वर्ष), विधि पटेल (बीए तृतीय वर्ष), तृतीय जया भारती (बीएससी द्वितीय वर्ष), तवा फेंक में प्रथम पूनम यादव (बीएएसी द्वितीय वर्ष), द्वितीय विधि पटेल (बीए तृतीय वर्ष), तृतीय लोकेश्वरी (बीए तृतीय वर्ष), स्लो साइकिल रेस में प्रथम विधि पटेल (बीणएण् तृतीय वर्ष), द्वितीय पलक बाफ्ना (बीएससी तृतीय वर्ष), तृतीय करीना धनकर (पीजी डिप्लोमा योगा) शामिल है। सभी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में महाविद्यालय की डॉ. हरप्रीत कौर गरचा, डॉ. जयसिंग साहू, डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव, डॉ. बसंत कुमार सोनबेर एवं अन्य सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, जनभागीदारी प्राध्यापक, स्ववित्तीय शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी। प्रतियोगिता के सफ्ल संचालन में विशेष रूप से अमरनाथ निषाद, डॉ. अर्चना खरे, सुश्री प्रिया तलरेजा, श्रीमती सानवी पंजवानी, खिलेन्द्र कुमार सोनी, चंदन साहू, योगेन्द्र यादव, सुश्री हर्षा कुशवाहा, डॉ. पूजा चौधरी, उमेश पनरिया, सुरेन्द्र पटले, सुश्री गीता साहू एवं धनेश पटेल ने सहयोग दिया। महाविद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नीता एस. नायर प्रतियोगिता के अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### जनपद पंचायत जैजैपुर क्षेत्र क्रमांक 23 से जनपद सदस्य के प्रत्याशी होंगे मनाराम मधुकर

#### क्षेत्र क्रमांक 23 से पूर्व में भी रह चुके हैं जनपद सदस्य



**सक्ती समय दर्शन //** जिले के जनपद पंचायत जैजैपुर क्षेत्र क्रमांक 23 से राजनीति के क्षेत्र में अपने अलग पहचान रखने वाले सरल सहज व्यक्तित्व के धनी मनाराम मधुकर द्वारा जनपद सदस्य हसौद के लिए प्रत्याशी होंगे मनाराम मधुकर पूर्व में भी जनपद सदस्य रह चुके हैं उनके कार्यकाल में राशन कार्ड प्रधानमंत्री आवास शौचालय बिजली पानी जैसे मूलभूत सुविधाओं के लिए हमेशा आम जानताओ के लिए संघर्ष करते रहे हैं जिसका फयदा इस बार उन्हें मिलने का असार है मधुकर क्षेत्र में लोकप्रिय छवि और शांत स्वभाव के चलते आम लोगों के बीच काफी मशहूर है इस बार फिर से चुनावी मैदान में उतरने वाले हैं जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 23 में इस बार अनुसूचित जाति मुक्त हुआ है जिसे लेकर कई दावेदार अपने किस्मत आजमाने में लगेंगे ।

### ज्ञान भारती विद्यालय का वार्षिकोत्सव महाकुंभ 2025 आयोजित होगा आज

**जांजगीर-चाम्पा समय दर्शन।** दिनाँक 24 जनवरी 2025 को ज्ञान भारती विद्यालय जाँजगीर में 37 वाँ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आज प्रात:11 बजे से आयोजित होगा। मुख्य अतिथि संतोष कुमार कश्यप, पूर्व जिला परियोजना अधिकारी (शिक्षा विभाग) , विशिष्ट अतिथि दिलीप कुमार चतुर्वेदी पूर्व सहा. विकास खण्ड शिक्षाधिकारी, विकास खण्ड नवागढ़ एवं अध्यक्ष आर.सी. पाण्डेय, संचालक, ज्ञान भारती उ.मा.वि. जाँजगीर होंगे।विद्यालय के बच्चों द्वारा इस कार्यक्रम के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक एवं कलात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें ज्ञान भारती के हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों माध्यम के प्रतिभागी शामिल होंगे।

### 12 .5 लीटर कच्ची शराब एवं 20 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त



**मुंगेली( समय दर्शन )** कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब पर नियंत्रण के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त राजेश जायसवाल ने बताया कि मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम टिंगीपुर में मुरलीधर कौशिक से 6.3 लीटर देशी मदिरा प्लेन जब्त किया गया। इसी तरह पथरिया विकासखण्ड के ग्राम डिघोरा में बहादुर जांगड़े से 6.2 लीटर कच्ची महुआ शराब और 20 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान आबकारी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

### नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 : निर्वाचन संबंधी शिकायत के लिए कमांड सेंटर स्थापित, हेल्प लाइन नम्बर जारी

**मुंगेली( समय दर्शन )** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव के निर्देशानुसार नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन संबंधी शिकायतों के निराकरण किए जाने हेतु जिला कलेक्टोरेट में कमाण्ड सेंटर स्थापित किया गया है, जिसका सम्पर्क नम्बर 9406275513, 9406275514 तथा 8641002203 है। इन नम्बरों पर कॉल कर निर्वाचन संबंधी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### निधन : श्याम सुंदर वैष्णव



**बिर्रा।** ग्राम बिर्रा के बस स्टैंड चौक के प्रतिष्ठित नागरिक श्यामसुंदर वैष्णव का 20 जनवरी दिन सोमवार को स्वर्गवास हो गया। वे लगभग 70 वर्ष के था। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ सुपुत्र यशवंत वैष्णव ने दिया । वे अपने पीछे चार पुत्र एवं तीन पुत्री और नाती पोता से भरा पूरा परिवार को बिलखते छोड़ कर चले गये। हिन्दू रीति रिवाज के साथ गरजना तालाब के पास में स्थित मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया गया। वह रामदास वैष्णव के भाई था । उनके अंतिम यात्रा में सजातीय बंधु व ग्रामीण जन भारी संख्या में शामिल हुए ।

दोनों आरोपी लिव-इन पार्टनर, योजनाबद्ध तरीके से दिया वारदात को अंजाम

# धरसींवा में माँ-बेटी के अंधे कत्ल का खुलासा, 2 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर ( समय दर्शन )।** राजधानी से लगे खमतराई में 1 जनवरी को एक नाबालिग लड़की का शव मिला था।शव रायपुर-बिलासपुर रोड पर शेरे पंजाब ढाबा के पास बरामद हुआ था। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की और पाया कि मृतिका की गला दबाकर हत्या की गई है। जांच में मृतिका की पहचान धनेली निवासी हमीदा की पुत्री रेशमा के रूप में हुई। जब पुलिस मृतिका की मां हमीदा से पूछताछ के लिए उनके घर पहुंची, तो पाया कि हमीदा की भी हत्या हो चुकी थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट के तहत 10 विशेष टीमों का गठन किया। टीम ने तकनीकी विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज और भौतिक साक्ष्यों की बारीकी से जांच की।

### आरोपियों का कबूलनामा:

जांच के दौरान शिवानंद नगर निवासी भरतदास दीवान और उसकी लिव-इन पार्टनर अनिता लहरे को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने अपराध कबूल किया। भरतदास ने खुलासा किया कि उसका मृतिका हमीदा के साथ अवैध संबंध था। हमीदा द्वारा बार-बार पैसे की मांग और केस में फंसाने की धमकी से परेशान होकर उसने अपनी पार्टनर अनिता लहरे के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। योजना के तहत, पहले नाबालिग रेशमा को घर से बहला-फुसलाकर शिवानंद नगर ले जाया गया। इसके बाद भरतदास ने धनेली जाकर हमीदा की गला दबाकर हत्या कर दी। बाद में रेशमा की भी हत्या कर दी गई, और हत्या के बाद उसके साथ दुष्कर्म किया गया।

### गिरफ्तार आरोपी:

भरतदास दीवान (43 वर्ष), निवासी शिवानंद नगर, रायपुर।

अनिता लहरे (52 वर्ष), निवासी शिवानंद नगर, रायपुर।

**कार्रवाई में शामिल अधिकारी:** एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट के प्रभारी निरीक्षक परेश पांडेय और खमतराई व धरसींवा थाने के अन्य अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# दपूम रेलवे ने मात्र 295 दिनों में 200 मिलियन टन लदान का आंकड़ा पार किया



**रायपुर ( समय दर्शन )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपने समर्पित रेलकर्मियों के सम्मिलित प्रयासों से अपने सर्वाधिक लदान करने वाले जोन में से एक होने के खिताब एवं परंपरा को बरकरार रखने की ओर अग्रसर है। अपने ठोस इरादों की बदौलत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने देश के औद्योगिक विकास में योगदान देते हुए नवीन प्रबंधन प्रणाली से वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के 01 अप्रैल' 2024 से 20 जनवरी' 2025 तक केवल 295 दिनों में 200 मिलियन टन लदान को पूरा किया है, जबकि पिछले वित्तीय वर्षों 2023-24 में 318 दिनों, वित्तीय वर्ष 2022-23 में 345 दिनों तथा वित्तीय वर्ष 2021-22 में 348 दिनों में यह उपलब्धि हासिल की थी । भारतीय रेलवे में 65त्न इंक्रीमेंटल लोडिंग की भागीदारी के साथ यह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है ।

इस अवधि में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा लोड किए गए वस्तुओं में कोयला, क्लिंकर, लौह अयस्क, सीमेंट, स्टील, खाद्यान, रासायनिक खाद, खनिज तेल एवं स्टील कारखानो के लिए कच्चे माल आदि प्रमुख रूप से सम्मिलित है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में माल लदान वृद्धि ऐसे समय में देखने को मिल रहा है जब इस रेलवे में आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिये रेल लाइनों का दोहरीकरण, तीहरीकरण एवं चौथी लाइन जैसे कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर भी कार्य किये जा रहे है । इस प्रकार आधार संरचना में अभूतपूर्व प्रगति के साथ-साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने कोयले एवं अन्य खनिजों के लदान में भी बढ़ोत्तरी कर देश के साथ ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान की है तथा स्थानीय लोगों की रोजगारपरक क्रियाओं में वृद्धि करने का योगदान दिया है । इस उपलब्धि के पीछे माल लदान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रमुख सहभागी कोल इंडिया के विभिन्न प्रकल्पों तथा अन्य ग्राहकों के साथ प्रत्येक स्तर पर बेहतर कार्य का भी बड़ा योगदान है । समय समय पर बैठकों के जरिये उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया गया है । भारतीय रेलवे में सर्वाधिक माल ढुलाई करने वाले रेल मण्डल के रूप में विख्यात बिलासपुर रेल मण्डल ने भी पिछले वर्ष की तुलना में 32 दिन पहले ही 150 मिलीयन टन माल ढुलाई के आंकड़े को हासिल किया है । देश के औद्योगिक विकास में योगदान देते हुए, महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के कुशल मार्गदर्शन में दक्षिण पूर्ण मध्य रेलवे द्वारा माल लदान के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए उम्मीद की जा रही है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा माल लदान में नए कीर्तिमान को जल्द ही हासिल कर ली जाएगी ।

# बृजमोहन के बेटे की शादी में उपराष्ट्रपति, केंद्रीय मंत्री, सांसद और विधायक पहुंचे

**रायपुर ( समय दर्शन )।** रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल के बेटे आदित्य अग्रवाल के विवाह समारोह में उनकी राजनीतिक चमक की झलक देखने को मिली। विवाह समरोह में लगातार दो दिनों से राष्ट्रीय नेताओं का जमावड़ा रहा। मंगलवार को विवाह समारोह के लिए उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ के साथ ही केंद्रीय मंत्री और कई राज्यों के मंत्री, राष्ट्रीय नेता पहुंचे। श्री अग्रवाल के बेटे का विवाह मंगलवार को हुआ। इसके एक दिन पहले से ही लगातार उनके निवास और विवाह स्थल पर देशभर के नेताओं का जमावड़ा रहा। विवाह समारोह में शामिल होने के लिए उप राष्ट्रपति जगदीश धनखड़ के साथ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, गिरिराज सिंह, लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, मप्र के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित मप्र और दूसरे राज्यों के भी कई मंत्री और नेता पहुंचे।



### मुख्यमंत्री सहित पहुंचे कई मंत्री

विवाह समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, रामविचार नेताम, टंकराम वर्मा, लखनलाल देवांगन, ओपी चौधरी, श्याम बिहारी जायसवाल, केदार कश्यप, दयालदास बघेल, लक्ष्मी राजवाड़े, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू के साथ ही प्रदेश के ज्यादातर सांसद, विधायक और प्रदेश के नेता भी पहुंचे। इसी के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ ही कई कांग्रेसी नेता भी पहुंचे।

# भारत पर्व में दिखेगी छग की जनजातीय परंपराओं व रामनामी समुदाय की झलक

### राष्ट्रीय रंगशाला में आयोजित प्रिव्यू में छत्तीसगढ़ की झांकी को राष्ट्रीय मीडिया की मिली सराहना




**रायपुर ( समय दर्शन )।** गणतंत्र दिवस पर दिल्ली के लाल किले पर आयोजित होने वाले भारत पर्व 2025 में इस बार छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत और रामनामी समुदाय की झलक देखने को मिलेगी। छत्तीसगढ़ की झांकी भारत सरकार की थीम 'स्वर्णिम भारत : विरासत और विकास' पर आधारित है। झांकी में प्रदेश की समृद्ध और विविधतापूर्ण सांस्कृतिक विरासत को दिखाया गया है। आज राष्ट्रीय रंगशाला दिल्ली में आयोजित प्रेस प्रिव्यू में छत्तीसगढ़ की झांकी को राष्ट्रीय मीडिया की सराहना मिली। झांकी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर में जीवन, प्रकृति और आध्यात्मिकता का गहरा संबंध है। यह झांकी छत्तीसगढ़ के लोक जीवन, रीति-रिवाजों और परंपराओं को दर्शाते हुए राज्य की अनूठी सांस्कृतिक पहचान को प्रस्तुत कर रही है। झांकी के आगे के हिस्से में निराकार राम की उपासना करने वाले रामनामी समुदाय का प्रतिनिधित्व करती स्त्री और पुरुष को दिखाया गया है। इनके शरीर एवं कपड़ों पर 'राम-राम' शब्द अंकित है। इन्हें रामचरितमानस का पाठ करते हुए दिखाया गया है। इसके पास घुंघरुओं का प्रदर्शन किया गया है, जो भजन के लिए उपयोग होते हैं। बीच के हिस्से में आदिवासी संस्कृति के पहनावे, आभूषण, कलाकृतियां और कला परंपराएं दर्शाई गई हैं। इस भाग में तुरही वाद्य यंत्र और सल्फी वृक्ष को प्रमुखता से दिखाया गया है, जो बस्तर के लोकजीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। झांकी के पीछे मयूर का अंकन किया गया है, जो कि लोक जीवन के सौंदर्य और जीवंतता का प्रतीक है। झांकी के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर और प्रकृति से जुड़ी आध्यात्मिकता को गहराई से उजागर किया गया है।

इन संस्थानों में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी की शिक्षा दी जा रही

# विकसित भारत के सपने को साकार करने में युवाओं की अहम भूमिका:धनकड़

**रायपुर ( समय दर्शन )।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 21 जनवरी को रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 'कल्पनाएं: बेहतर भारत की' कार्यक्रम में एनआईटी, आईआईटी और आईआईएम के विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने छात्र-छात्राओं से रूबरू होते हुए कहा कि आप सभी देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में अध्ययन कर रहे हैं। इन संस्थानों में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी की शिक्षा दी जा रही है। देश में एआई मशीन लर्निंग, ग्रीन हाईड्रोजन जैसी नवीन तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उपराष्ट्रति ने कहा कि भारत जब 2047 में अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाएगा, तब यह एक सशक्त और विकसित भारत का सपना केवल लक्ष्य नहीं बल्कि सुनिश्चित गंतव्य बन चुका होगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत युवाओं की बदौलत फिर से विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने का आव्हान करते हुए कहा कि आयातित वस्तुओं का इस्तेमाल न कर देश का प्रत्येक नागरिक भारत को सशक्त बनाने में योगदान दे सकता है।




राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि एक मजबूत भारत को आत्मनिर्भर होने के साथ-साथ वैश्विक रूप से जुड़ा होना चाहिए। नवाचार और उद्यमिता की एक मजबूत संस्कृति को बढ़ावा देकर इस विजन को साकार किया जा सकता है। टिकाऊ कृषि के माध्यम से ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाकर, आदिवासी उद्यमिता को बढ़ावा देकर और अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे में निवेश करके, छत्तीसगढ़ समावेशी और सतत विकास का एक प्रकाश स्तंभ बन सकता है।

राज्यपाल डेका ने कहा कि हमारे युवा कल के निर्माता हैं। उन्हें ऐसे कौशल से परिपूर्ण किया जाना चाहिए जो पारंपरिक ज्ञान को अत्याधुनिक तकनीकों के साथ एकीकृत करते हैं। कौशल विकास कार्यक्रम और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना एक लचीली अर्थव्यवस्था और एकजुट समाज की नींव रखेगा। हमारे युवाओं को वैश्विक चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए उद्योग-संबंधी शिक्षा और अग्रणी अनुसंधान संस्थानों को बढ़ावा देना होगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि समृद्ध भारत के निर्माण के लिए हमें हमारे गौरवशाली इतिहास और सनातन परंपराओं का गहरा अध्ययन और इसकी गहरी समझ विकसित करनी होगी। भारत देश प्राचीनकाल से ही विश्वगुरु रहा है। तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्वविद्यालयों की ख्याति पूरी दुनिया में थी। जो समाज अपने अतीत की घटनाओं से शिक्षा ग्रहण करता है, वही समाज समृद्ध भविष्य के स्वप्न को साकार करता है।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने इस अवसर पर एनआईटी परिसर में बनने वाले गर्ल्स हॉस्टल की आधारशिला रखी। एनआईटी परिसर में बनने वाला गर्ल्स हॉस्टल एसईसीएल द्वारा सीएसआर मद से निर्मित किया जाएगा। कार्यक्रम में उपराष्ट्रति की धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू, चेयरमैन बोर्ड ऑफगवर्नर एनआईटी सुरेश हावरे, सीएमडी एसईसीएल डॉ. पीएस मिश्रा, आईआईटी डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश, आईआईएम के डायरेक्टर प्रो. आर.के. ककानी, एनआईटी के डायरेक्टर प्रो. एनव्ही रमन्ना राव सहित विद्वतजन, एनआईटी, आईआईएम और आईआईटी के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रभारी सचिव ने नशा मुक्ति केन्द्र का किया निरीक्षण



**रायपुर ( समय दर्शन )।** रायपुर जिले की प्रभारी सचिव एवं अपर मुख्य सचिव श्रीमती ऋचा शर्मा ने बुधवार को शंकर नगर स्थित नशा मुक्ति केन्द्र संकल्प का निरीक्षण किया। उन्होंने नशा मुक्ति के लिए संस्थान द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह, एसएसपी डॉ लाल उम्मेद सिंह और जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप उपस्थित थे। श्रीमती ऋचा शर्मा ने नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती उपचार्थी से मुलाकात की और कहा कि अपनी ईच्छा शक्ति की सहायता से नशा को अवश्य छोड़े। नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है और उसके साथ परिवार के सदस्य भी परेशान होते है। श्रीमती ऋचा शर्मा, कलेक्टर डॉ गौरव सिंह, एसएसपी डॉ लाल उम्मेद सिंह और जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप ने भोजन की गुणवत्ता भी जानी।

### निगम-पंचायत चुनाव के लिए कांग्रेस बना रही रणनीति



**रायपुर ( समय दर्शन )।** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में नगर निगम, पालिका, पंचायत की चुनाव को लेकर चुनाव अभियान समिति और चुनाव घोषणा पत्र समिति की दूसरी बैठक हुई। घोषणा पत्र समिति के संयोजक सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर, पूर्व मंत्री गुरू रूद्र कुमार, पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल, पूर्व विधायक अरुण वोरा, रायपुर महापौर एजाज ढेबर, अंबिकापुर महापौर डॉ. अजय तिर्की, कोरबा महापौर राजकिशोर प्रसाद, बिरगांव महापौर नंदलाल देवांगन उपस्थित थे।

### सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन के आधा दशक का परिवर्तनकारी प्रभाव

**मुंबई।** वंचितों और ज़रूरतमंदों की सेवा करने और उन्हे विश्वास करने व नेतृत्व करने में सक्षम बनाने का आधे दशक का सफर पूरा होने पर सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन (एसटीएफ) ने 22 जनवरी 2025 को मुंबई के बॉम्बे क्लब में एक सामूहिक समारोह आयोजित किया। दोस्तों, परिवार, शुभचिंतकों और गैर-लाभकारी भागीदारों की श्रद्धांजलि और आभार ने इस कार्यक्रम को और भी खास बना दिया, क्योंकि एसटीएफ ने बच्चों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और खेल के प्राथमिक फोकस क्षेत्रों के साथ बेहतर जीवन सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। एक साथ चमकें थीम ने फाउंडेशन के जीवन को प्रभावित करने के मूल विचार पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से खेल, स्वास्थ्य और शिक्षा के माध्यम से बच्चों को। हाल ही में फाउंडेशन में निदेशक का पद संभालने वाली सारा तेंदुलकर के लिए यह शाम उनकी पहली आधिकारिक भागीदारी थी। इतनी कम उम्र में अपने माता-पिता की दिखाई राह पर चलते हुए, सारा युवाओं से जुड़ने और उनकी आकांक्षाओं को उड़ान भरने में उनकी मदद करने का एक नया दृष्टिकोण लेकर आई हैं। जीवन को बेहतर बनाने के लिए अपने परिवार की प्रतिबद्धता और फाउंडेशन की पहलों की परिवर्तनकारी क्षमता पर विचार करते हुए, सारा ने कहा, बड़े होते हुए, मैं हमेशा अपने परिवार से प्रेरित रही, जिसने देने की शक्ति के बारे में मेरी समझ को आकार दिया। मुझे फाउंडेशन के काम को देखने और उम्मीद की चिंगारी को देखने का अवसर मिला, जो न केवल बच्चों बल्कि पूरे परिवारों के जीवन में रोशनी लाती है। पिछले पाँच वर्षों में, सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन ने एक लाख से अधिक युवा जीवन को छुआ है, और यह चलते रहने के लिए एक लाख कारण हैं। मैं उन सभी का आभारी हूँ जिन्होंने हम पर विश्वास किया और इस यात्रा को संभव बनाने के लिए हमारे साथ खड़े रहे। एक निदेशक के रूप में, मैं अपने माता-पिता द्वारा शुरू की गई पहलों को आगे बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता कि हर छोटे सपने पर ध्यान दिया जाए और उसका पोषण किया जाए। मैं इस यात्रा का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूँ क्योंकि हम उन बच्चों के लिए संभावनाओं की दुनिया को रोशन कर रहे हैं जो भविष्य हैं।

### आदर्श आचरण संहिता के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक : कलेक्टर

**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव सिंह ने कहा है कि सभी राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को निर्वाचन आयोग की आदर्श आचरण संहिता के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक है तथा आदर्श आचार संहिता का पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी का उद्देश्य स्वतंत्र निष्पक्ष चुनाव कराना है। इस प्रक्रिया में राजनैतिक दलों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हैं। सभी के सहयोग से जिले में नगरीय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया को सफलता पूर्वक संपन्न कर पाएंगे। त्रिस्तरीय चुनाव के संदर्भ में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सिंह द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में ली गई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थी को जातीय, धार्मिक विषयों से बचकर अपना प्रचार-प्रसार करना चाहिए। वोट के लिए अपील करते समय धार्मिक स्थल या संस्थान का उपयोग नही किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि कोई दल या प्रत्याशी स्वयं किसी की निजी संपत्ति पर, भवन, भूमि अथवा परिसर पर झंडे,पोस्टर बैनर आदि उसकी पूर्वानुमति के बिना नही लगाएगा और न ही अपने समर्थको को ऐसा करने दें। अस्थायी प्रचार कार्यालयों की अनुमति किसी भी अतिक्रमित भूमि या भवन पर नहीं दी जायेगी। साथ ही शैक्षणिक संस्थान या अस्पताल से लगे हुए भवनों में भी अस्थायी प्रचार कार्यालय की अनुमति नहीं दी जाएंगी।

# संपादकीय

## एचएमपीवी वायरस की दहशत

कर्नाटक में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस यानी एचएमपीवी के दो मामलों की पुष्टि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार तीन महीने की बच्ची को ब्रोंकोन्यूमोनिया की शिकायत थी, जांच में एचएमपीवी संक्रमित होने का पता चला। दूसरा आठ महीने का शिशु इससे संक्रमित पाया गया। हालांकि दोनों मरीजों की अंतरराष्ट्रीय यात्रा का कोई इतिहास नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान आंकड़ों से पता चला गंभीर तीव्र सन बीमारी के मामले में कोई असामान्य वृद्धि नहीं पाई गई। सरकार की संक्रमण के मामलों पर गंभीर नजर बताई जा रही है। कोविड-19 महामारी के विश्व को चपेट में लेने के पांच सालों बाद एचएमपीवी वायरस के चीन में तेजी से फैलने की खबरों की दहशत के असर का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शेयर बाजार में जबरदस्त गिरावट आ गई। एचएमपीवी संक्रमित मरीजों के संपर्क में आने से यह वायरस फैल रहा है। संक्रमित के खांसने-छींकने, छूने और हाथ मिलाने से यह बढ़ रहा है। इस संक्रमण की खोज 2001 में की जा चुकी है। यह रेस्पेरेटरी संकाइटियल वायरस के साथ न्यूमोविरिडे का भी हिस्सा बताई जा रही है। चीन समेत नीदरलैंड, फिनलैंड, ब्रिटेन, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में 2023 में इसके संक्रमित मिल चुके हैं। भारत सरकार का कहना है कि मौसम को देखते हुए यह स्थिति असामान्य नहीं है। सरकार ने वायरस की गंभीरता को भांपते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन से चीन की स्थिति के विषय में अपडेट देने को भी कहा है। विशेषज्ञ इसे अभी जानलेवा वायरस नहीं बता रहे हैं जो छोटे बच्चों में आम है। जिन्हें अस्थमा है या फेफड़ों से संबंधी कोई गंभीर बीमारी है, उन्हें चेतावनी दी गई है। इससे बचाव के लिए लगातार हाथ धोने, मास्क पहनने तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थों के सेवन की सलाह दी जा रही है। एंटी वायरल दवाएं बगैर चिकित्सकीय सलाह के लेने के प्रति चेतावनी भी दी गई है। कोविड संक्रमण से खौफजदा लोगों में आकस्मिक भय व्याप्त है, जिसे दूर करने की जिम्मेदारी मीडिया और चिकित्सकों को गंभीरता से निभानी चाहिए। शेयर बाजार का गिरना और कोविड की पुरानी तस्वीरों/वीडियो को वायरल कर दहशत फैलाने वालों को भी चेतावनी दी जानी चाहिए। जब तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो जाती, बेवजह लॉकडाउन लगाने या रोजमर्रा की जरूरी चीजों को जमा करने की सलाह जैसी दहशत फैलाना कतई अनुचित है।

## सरोकार : आदिवासी मताधिकार

आदिम जनजाति जारवा अंडमान-द्वीप समूह की एक प्रमुख जनजाति है। ये आज भी अर्ध-खानाबदोश आदिम जीवन शैली जी रहे हैं। प्राकृतिक रूप में उपलब्ध वन संसाधन ही इनके आजीविका के प्रमुख साधन हैं। स्थानीय प्रकृति और पर्यावरण से जुड़े रहकर ये अपनी जीवन शैली में मस्त हैं। जारवा लोग बाहरी संपर्क से अलग-थलग हैं। इसी कारण उनकी अनूठी सांस्कृतिक परंपरा और भाषा-बोली संरक्षित हैं। वे दक्षिणी और मध्य अंडमान द्वीप समूह के पश्चिमी समुद्री तटों पर रहते हैं। स्थानीय प्रशासन के तमाम प्रयासों के बाद अब इस जनजाति समूह को संवैधानिक लोकतांत्रिक धारा से जोड़े जाने की ऐतिहासिक पहल हुई है। इस समुदाय के 19 सदस्यों के नाम मतदाता सूची में दर्ज करके, उन्हें मतदाता पहचानपत्र दिए गए हैं। अंडमान द्वीप समूह के मुख्य सचिव चंद्रभूषण कुमार ने दक्षिण अंडमान जिले के जिरकाटांग स्थित बस्ती में पहुंचकर पहली बार मतदाता बने लोगों को पहचानपत्र सौंपे। जारवा समुदाय की इन पहचानपत्रों से भारतीय होने की नागरिकता सुनिश्चित हुई है। साथ ही यह उनकी निजता की रक्षा के लिए एक व्यापक उपाय भी है। इस कार्यवाही से उम्मीद जगी है कि भविष्य में इस द्वीप समूह के सभी लोग भारतीय नागरिक के रूप में मतदाता बना दिए जाएंगे। वरना एक समय इस द्वीप समूह में प्रवेश पाना मौत को आमंत्रण देना था। जिला निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा का कहना है कि 'यह भारत के लोकतांत्रिक विकास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो सभी नागरिकों के लिए समावेशिता और समानता सुनिश्चित करने की दृष्टि से देश की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इनके सांस्कृतिक संरक्षण के बीच सावधानीपूर्वक संतुलन में हमने सुनिश्चित किया कि प्रक्रिया का कोई भी पहलू जारवा लोगों की गरिमा से समझौता नहीं करेगा।' इस कार्यवाही को पूरा करने में अंडमान आदिम जनजाति विकास समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही जिसने सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त और सम्मानजनक तरीके से उनकी भाषा में चुनावी प्रक्रिया के बारे में जारवा समुदाय से संवाद करके उनके बीच जागरूकता पैदा करके इस प्रक्रिया को सुगम बनाया। जारवा समुदाय अंडमान द्वीप समूह के दक्षिण और मध्य तथा पश्चिमी समुद्री तटों पर रहते हैं। यह पूरा क्षेत्र जैव विविधता से समृद्ध है। इसे ही इस समुदाय ने अपने पारंपरिक जीवन शैली के अनुरूप ढाल लिया है। जारवा समुदाय के साथ पहला उल्लेखनीय दोस्ताना संबंध अप्रैल 1996 में हुआ था, जो बाहरी दुनिया के साथ उनके संपर्क में एक अहम मोड़ साबित हुआ। इस संबंध के लिए शायद प्रकृति ने ही घटनाक्रम रचा था। दरअसल जारवा जनजाति के 21 वर्षीय एनमेई को अपने बाएं टखने में गहरी चोट आई थी। प्रशासन ने करुणा का परिचय देते हुए एनमेई का उदारतापूर्वक उपचार कराया और ठीक होने के बाद उन्हें सुरक्षित बस्ती में वापस भेज दिया। यहां से प्रशासन और समुदाय के बीच विश्वास का जो संवाद बना, उसने आज इस समुदाय के लोगों के भारतीय नागरिक होने के पहचान के रूप में मतदाता पहचानपत्र सौंपने का मार्ग प्रशस्त किया। अन्यथा जारवा समूह से जो भी कोई संपर्क करने की सोचता था, उसे हिंसक टकराव का सामना करना पड़ता रहा है। अब मताधिकार मिलने से परिदृश्य में बदलाव आएगा।

# भारत अंतरिक्ष में सैटेलाइट जोड़ने वाला विश्व का चौथा देश बना

**रामस्वरूप रावतसरे**




भारत ने वर्ष 2025 की शुरुआत के साथ ही अंतरिक्ष क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। इसरो ने अंतरिक्ष में ही स्पेडेक्स मिशन के दो सैटेलाइट मॉड्यूल आपस में जोड़ लिए हैं। इस मिशन में 'डॉकिंग' की प्रक्रिया पूरी हो गई है। यह क्षमता हासिल करने वाला भारत विश्व का चौथा देश बन गया है। इस मिशन के लिए 30 दिसम्बर, 2024 को सैटेलाइट छोड़े गए थे और बाद में धीमे-धीमे इन सैटेलाइट को पास में लाकर जोड़ दिया गया। इसरो अब इसी मिशन के बाकी लक्ष्य पूरा करने के लिए कदम बढ़ाएगा।

इसरो ने 16 जनवरी, 2025) को यह जानकारी देते हुए अपने ट्विटर पर लिखा, ऽस्पेस क्राफ्ट डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी हुई। यह एक ऐतिहासिक क्षण था। पहले 15 मीटर से 3 मीटर होल्ड पॉइंट तक पास लाया गया। डॉकिंग की शुरुआत सटीकता के साथ हुई, इसके बाद अंतरिक्ष यान को सफलतापूर्वक कैप्चर किया गया. डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी हुई। भारत अंतरिक्ष डॉकिंग को सफल बनाने वाला चौथा देश बन गया। पूरी टीम को बधाई! भारत को बधाई!' इसरो की इस सफलता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बधाई दी है। उन्होंने एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा, सैटेलाइट की अंतरिक्ष डॉकिंग में सफलता के लिए सफल प्रदर्शन के लिए इसरो के हमारे वैज्ञानिकों और पूरे समुदाय को बधाई। यह आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस मिशन की सफलता भारत को अंतरिक्ष में स्पेस स्टेशन बनाने, अपने अंतरिक्ष यात्री को भेजने और बाकी स्पेस मिशन पूरे करने में मदद करेगी। इसरो ने जो प्रक्रिया पूरी की है उसे डॉकिंग कहा जाता है। डॉकिंग से पहले दोनों सैटेलाइट मॉड्यूल अलग थे। इसरो द्वारा लॉन्च किए गए मिशन में से एसडीएक्स-01 चेसर सैटेलाइट है जबकि एसडीएक्स -02 टार्गेट सैटेलाइट है। इसका मतलब है कि एसडीएक्स -01 कक्षा में स्थापित किए जाने के बाद एसडीएक्स -02 की तरफबढ़ा और अंत में दोनों जुड़ गए। पीएसएलवी सी -60 रॉकेट ने इन्हें आपस में लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर छोड़ा था। इसके बाद इन्हें जोड़ने की प्रक्रिया चालू की गई। दोनों सैटेलाइट को जोड़ने की प्रक्रिया यानि डॉकिंग 7 जनवरी, 2025 को चालू की गई। इसके लिए सबसे पहले दोनों को 20 किलोमीटर की दूरी पर रोका गया था। इसके बाद टार्गेट सैटेलाइट एसडीएक्स-01 को स्टार्ट किया गया। 10 जनवरी, 2025 को यह दोनों 1.5 किलोमीटर पास लाए गए। 11 जनवरी को 225 मीटर पर लाए गए। 12 जनवरी को यह 100 मीटर पर आए। इस बाद इसरो ने इन्हें 15 मीटर और फिर 3 मीटर करीब लाया। दोनों को फिर वापस 15 मीटर पर ले जाया गया। इसके बाद 16 जनवरी, 2025 की सुबह दोनों मॉड्यूल आपस में जोड़ दिए गए। अब इन पर आगे और भी प्रयोग भी किए जाएँगे।

अब सारे प्रयोग पूरे होने के बाद दोनों सैटेलाइट को अनडॉक यानी एक-दूसरे से अलग भी किया जाएगा। यह दोनों इसके बाद लगभग 2 साल तक अलग-अलग प्रयोग में काम आएँगे। एसडीएक्स -01 सैटेलाइट पर छोटे कैमरे भी लगे हुए हैं। यह कैमरे इसके बाद तस्वीरें और वीडियो लेंगे। इसके अलावा भी इस पर कई सेंसर लगे हैं। यह सेंसर अंतरिक्ष में होने वाली गतिविधियों का पता लगाएँगे। इनमें से एक सेंसर रेडियेशन का स्तर भी मापेगा। इन सैटेलाइट को भारत में स्थित सैटेलाइट नियंत्रण सेंटर से नियंत्रित किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार इसरो ने सोमवार को रात 10 बजे श्रीहरिकोटा में स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से पीएसएलवी सी-60 रॉकेट लॉन्च किया था। इस रॉकेट पर कुल 24 सैटेलाइट लदे हुए थे। इनमें से सबसे प्रमुख दो सैटेलाइट थे, जिनकी डॉकिंग होनी थी। इसरो ने इन सैटेलाइट को सफलतापूर्वक अब अंतरिक्ष में ही जोड़ लिया।

इनका नाम एसडीएक्स -01 और एसडीएक्स -02 था। इन दोनों का वजन 220 किलो है। यह दोनों सैटेलाइट अंतरिक्ष में पृथ्वी से 470 किलोमीटर की ऊँचाई और 55 अंश के कोण पर छोड़े गए थे। डॉकिंग को सरल भाषा में समझा जाए, तो यह दो सैटेलाइट (मॉड्यूल) को अंतरिक्ष में जोड़ने की प्रक्रिया को कहते हैं। यह कुछ-कुछ जमीन पर कोई पुल बनाने जैसा है। जिस तरह पुल के अलग-अलग हिस्से आपस में जोड़े जाते हैं, उसी तरह डॉकिंग में भी दो या उससे अधिक सैटेलाइट आपस में जोड़े जाते हैं। यह पूरी सरंचना किसी विशेष काम के लिए उपयोग होती है।

डॉकिंग का उपयोग वर्तमान में दो सैटेलाइट के बीच किन्हीं वस्तुओं के आदान प्रदान समेत बाकी काम के लिए होता है। अंतरिक्ष में स्थापित अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन भी इसी सिद्धांत पर काम करता है। इसका निर्माण भी डॉकिंग के जरिए हुआ था। इसमें सामान की आपूर्ति भी डॉकिंग के जरिए ही होती है। दरअसल, कई ऐसे सैटेलाइट या फिर मॉड्यूल होते हैं, जिन्हें एक बार में रॉकेट नहीं ले जा सकते। ऐसे में उन्हें अलग-अलग हिस्से में भेज कर अंतरिक्ष में जोड़ा जाता है। इसी तकनीक इसरो ने इस स्पेडेक्स मिशन(स्पेस डॉकिंग एक्सरसाइज) के जरिए हासिल किया है।

जानकारी के अनुसार अब तक विश्व के तीन देश ही यह डॉकिंग की तकनीक हासिल कर सके थे। यह देश अमेरिका, रूस और चीन हैं। 16 जनवरी, 2025 को भारत भी इस लीग में शामिल हो गया है। इस तकनीकी तरक्की का फायदा इसरो को आगे के मिशन में मिलेगा। भारत ने अंतरिक्ष में अपना भी स्पेस स्टेशन बनाने का ऐलान किया है। डॉकिंग में सफलता इसके रास्ते खोलेगी। भारत को 2035 तक अपना स्पेस स्टेशन बनाना है, इसके लिए 2028 से काम चालू होगा ऐसा बताया जा रहा है। इसके लिए एक-एक कर इसके हिस्से अंतरिक्ष पहुँचाए जाते रहेंगे। इसके पूरे होने पर इसमें भारतीय एस्ट्रोनॉट जा सकेंगे। इसके अलावा यह प्रक्रिया चंद्रमा पर भारतीय भेजने, वहाँ से सैंपल वापस लाने समेत बाकी मिशन के लिए मील का पत्थर होगी। ऐसा इसरों के वैज्ञानिकों ने दावा किया है।

# विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान

**गिरीश चन्द्र पाण्डे**

इस बार 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का आयोजन 8-10 जनवरी, 2025 तक ओडिशा सरकार के साथ साझेदारी में किया गया। भुवनेर में संपन्न इस 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में 75 देशों से लगभग छह हजार भारतवंशियों ने शिरकत की। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने इस मौके पर लैंगिक समानता और महिला विकास को भारत की विदेश नीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों का अभिन्न अंग बताया। उनका यह कहना भी सही था कि ओडिशा में प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन की मेजबानी केंद्र सरकार की पूर्वोदय' नीति को दर्शाती शर्ती है, जो पूर्वी भारत के विकास और सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित करती है। गौरतलब है कि प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन केंद्र सरकार का महत्त्वकपूर्ण कार्यक्रम है, जिसे 9 जनवरी को महात्मा गांधी के 1915 में दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। दरअसल, प्रवासी भारतीय सम्मेलन की अवधारणा पूर्व प्राधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के मस्तिष्क की उपज थी जिसकी शुरु आत उन्होंने 17 वर्ष पहले की थी। वाजपेयी को उस वक्त प्रवासी भारतीयों की बहुत याद आई जब 1998 में पोखरण में परमाणु विस्फोट के बाद अमेरिका और उसके साथी देशों ने भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगा दिया था। भारत ने इस मुसीबत से छुटकारा पाने के लिए विदेशों में रहने वाले भारतीय समुदाय से अनुरोध किया कि वह भारत की मदद करें ताकि भारत को अमेरिका और उसके साथी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का कम से कम असर पड़े। वाजपेयी का यह संदेश राजदूतावासों और उच्चायोग के माध्यम से प्रवासी भारतीयों तक पहुंचाया गया। परिणाम यह हुआ कि भारत के कोष विदेशी मुद्रा से भर गए। गौर करने योग्य है कि भारत 2010 (53.48 बिलियन डॉलर), 2015 (68.91 बिलियन डॉलर) और 2020 (83.15 बिलियन डॉलर) में प्रेषण प्राप्त करने वाला शीर्ष देश था। विश्व प्रवासन रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2022 में भारत को 111 बिलियन डॉलर से अधिक का प्रेषण प्राप्त हुआ जो विश्व में सबसे अधिक है और इस प्रकार भारत 100 बिलियन डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने वाला पहला देश बन गया था। इस बार के सम्मेलन का विषय था-विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान'। राज्य सरकार ने युवा कार्य एवं खेलकूद मंत्रालय के सहयोग से आयोजन किया था। सम्मेलन की खास बात त्रिनिदाद और टोबैगो के राष्ट्रपति क्रिस्टीनन कार्ला कैंगलू की मौजूदगी रही जिन्होंने सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर वर्चुअल रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में अन्य बातों के साथ-साथ तीन महत्त्वपूर्ण बातें कहीं। पहली, भविष्य युद्ध में नहीं, बुद्ध में निहित है। दूसरी, भारत लोकतंत्र की जननी ही नहीं, बल्कि जीवन का हिस्सा है। तीसरी, 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों की निर्णायक भूमिका है। भारत की विभिन्न क्षेत्रों में चहुंमुखी विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए मोदी का कहना था कि आज भारत मेड इन इंडिया फाइटर जैट बना रहा है। ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट बना रहा है और वो दिन भी दूर नहीं जब मेन इन इंडिया प्लेन से ही प्रवासी भारतीय दिवस मनाने भारत आएंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्म ने समापन सत्र में विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय प्रवासियों की उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए प्रवासी भारतीय सम्मान भी प्रदान किया। सऊदी अरब के भारतीय चिकित्सक डॉ. सैयद अनवर खुर्शीद को प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। यह भारत सरकार द्वारा प्रवासी भारतीयों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। निस्संदेह प्रवासी भारतीय सम्मेलन से जहां भारत और प्रवासी समुदाय के बीच साझा पहचान को बढ़ावा मिलता है, वहीं उनमें आपसी सम्बन्ध मजबूत बनते हैं, और वे अपनी माटी से जुड़ कर गौरव अनुभव भी करते हैं, लेकिन इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता कि प्रवासन के बदलते परिदृश्य में प्रवासी भारतीयों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए ठोस प्रयास जरूरी हैं। किसी भी तरह श्रमिकों का शोषण न हो और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों का समाधान करने की जरूरत है। यह भी सुनिश्चित करने की जरूरत है कि भारतीय कामगारों के लिए सुरक्षित-व्यवस्थित प्रवासन मार्ग संभव हो सके। यह समावेशी विकास की पहली शर्त भी है। सरकार के अलावा हर भारतीय का भी नैतिक दायित्व बनता है कि विदेशों में कामगारों के हितों की रक्षा के साथ ही भारत में रह रहे उनके परिवारों का भी विशेष ख्याल रखा जाए जिससे उनका देश के प्रति लगाव और गहरा हो सके।

# उम्मीद से अधिक हुई फसल सुनहरे कल की उम्मीदों पर पानी फेर देती है

**पंकज चतुर्वेदी**



झारखंड के लातेहार जिले में बालूमाथ और बारियातू के इलाके दो किस्म के टमाटर की खेती के लिए मशहूर हैं-एक है मोटे छिलके वाला गुलशन जिसका इस्तेमाल सब्जी विशेष तौर पर सलाद के रूप में किया जाता है। वहीं सलेक्शन नामक किस्म के टमाटर के छिलके की परत नरम होती है।

इसका इस्तेमाल सब्जी, चटनी और टोमैटो कैचअप के लिए किया जाता है। कुछ साल पहले तक टमाटर की लाली यहां के किसानों के गालों पर भी लाली लाती थी, लेकिन इस साल हालत यह है कि फसल तो बंपर हुई लेकिन लागत तो दूर, तोड़ कर मंडी तक ले जाने की कीमत तक नहीं निकल रही। रामगढ़, हजारीबाग, लोहरदग्गा में जिन किसानों ने टमाटर उगाए या फिर पत्ता या फूल गोभी या फिर पालक, वे ट्रैक्टर से रौंद कर अपनी खड़ी फसल खुद ही चौपट कर रहे हैं।

गोभी के दाम हैं दो से चार रु पये तो टमाटर के हैं दो रु पये। इतने में तुड़ाई भी निकलती है, फिर मंडी तक कौन ले जाए। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के हरवाई गांव में सुर्ख लाल टमाटर की फसल पर रोटवेलर चला कर गेहूं बोए जा रहे हैं। यहां किसानों ने 15 हजार रु पये बीघा पर खेत किराये पर लिए, फिर टमाटर बोए। पिछले महीने तो 400 रुपये क्रेट (25 किलो) एक बार बिका। फिर दाम 60 से 100 रु पये क्रेट गिर गए। अब 30 रु पये क्रेट तुड़ाई, 15 रु पये मंडी के पल्लेदार को, फिर परिवहन। आखिर, किसान कितना घाटा सहे! मध्य प्रदेश के बड़वानी में टमाटर मवेशी खा रहे हैं। दिल्ली और उसके आसपास भले ही बाजार में टमाटर के दाम 40 रुपये किलो हों लेकिन टमाटर उगाने के लिए मशहूर देश के विभिन्न जिलों में टमाटर कूड़े में पड़ा है। छत्तीसगढ़ के टमाटर किसान तो जलवायु परिवर्तन की अजब मार झेल रहे हैं, और उन्हें फसल खेत में नष्ट करनी पड़ रही है।

दुर्ग जिले में पहले तो चक्रवाती तूफान के चलते कोई 15 दिन बदली हुई, फिर अचानक जाड़ा बढ़ गया। इससे टमाटर तेजी से पकने लगे। जब पके टमाटर की आवक ज्यादा हुई तो दाम गिर गए। यहां प्रायः इतनी ठंड पड़ती नहीं। अब टमाटर समय से पहले पक रहे हैं, न तोड़ो तो गिर जाते हैं। मजबूर किसान फसल नष्ट कर रहा है। करीबी राज्य तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के हालात भी अलग नहीं हैं। यहां मेडक के शिवमपेट में टमाटर की तैयार फसल को आग लगाने की सैकड़ों घटनाएं हो चुकी हैं। विदित हो टमाटर 15-27 डिग्री के बीच के तापमान में सबसे अच्छे से उगते हैं तथा इसके लिए माकूल औसत मासिक तापमान 21-23 होता है। 32 डिग्री से अधिक तापमान फल लगने और उसके विकास पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। दक्षिणी राज्यों में जलवायु परिवर्तन से प्रभावित टमाटर की खेती में सफेद फंगस और पत्ती में छेद करने वाले कीट की दिक्कत ने पहले से ही कीटनाशक का खर्च बढ़ाया था। फसल अच्छी हो गई तो बाजार में दाम नहीं मिलने से किसान कर्ज में दब गया। हालांकि न तो यह पहली बार हो रहा है, और न ही टमाटर के साथ हो रहा है।

उम्मीद से अधिक हुई फसल सुनहरे कल की उम्मीदों पर पानी फेर देती है-घर की नई छप्पर, बहन की शादी, माता-पिता की तीर्थ-यात्रा; न जाने ऐसे कितने ही सपने वे किसान सड़क पर कैश क्रॉप' कहलाने वाली फसल के साथ फेंक आते हैं। साथ होती है तो केवल एक चिंता-खेती के लिए बीज, खाद के लिए लिए गए कर्ज को कैसे उतारा जाए? पूरे देश की खेती-किसानी अनियोजित, शोषण की शिकार और किसान विरोधी है। तभी हर साल देश के कई हिस्सों में अफरात फसल को सड़क पर फेंकने और कुछ ही महीनों बाद उसी फसल के लिए त्राहि-त्राहि की घटनाएं होती रहती हैं। किसान मेहनत कर सकता है, अच्छी फसल दे सकता है, लेकिन सरकार में बैठे लोगों को भी उसके परिश्रम के माकूल दाम, अधिक माल के सुरक्षित भंडारण के बारे में सोचना चाहिए। हर दूसरे-तीसरे साल कर्नाटक में कई जिलों के किसान अपने तीखे स्वाद के लिए मशहूर हरी मिर्च को सड़क पर लावारिस फेंक कर अपनी हताशा का प्रदर्शन करते हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में कभी टमाटर तो कभी अंगूर, कभी मूंगफली तो कभी गोभी किसानों को ऐसे ही हताश करती है। दिल्ली से सटे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आए साल आलू की टनों फसल बगैर उखाड़े मवेशियों को चराने की घटनाएं सुनाई देती हैं।

आश्चर्य इस बात का होता है कि जब हताश किसान अपने ही हाथों अपनी मेहनत को चौपट कर रहा होता है, तो गाजियाबाद, नोएडा, या दिल्ली में आलू के दाम पहले की ही तरह तने दिखते हैं। राजस्थान के सिरोही जिले में जब टमाटर मारा-मारा घूमता है तभी वहां से कुछ किमी. दूर गुजरात में लाल टमाटर के दाम ग्राहकों को लाल किए रहते हैं। सरकारी और निजी कंपनियां सपने दिखा कर ज्यादा फसल देने वाले बीजों को बेचती हैं, जब फसल बेहतरीन होती है तो दाम इतने कम मिलते हैं कि लागत भी न निकले। दुर्भाग्य है कि कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था वाले देश में कृषि उत्पाद के न्यूनतम मूल्य, उत्पाद खरीदी, बिचौलियों की भूमिका, किसान को भंडारण का हक, फसल-प्रबंधन जैसे मुद्दे गौण दिखते हैं, और यह हमारे लोकतंत्र की आम आदमी के प्रति संवेदनहीनता का प्रमाण है। सब्जी, फल और दूसरी कैश-क्रॉप को बगैर सोचे-समझे प्रोत्साहित करने के दुष्परिणाम दाल, तेल-बीजों (तिलहनों) और अन्य खाद्य पदाथरे के उत्पादन में संकट की सीमा तक कमी के रूप में सामने आ रहे हैं। किसानों के सपनों की फसल को बचाने के दो तरीके हैं। एक, जिला स्तर पर अधिक से अधिक कोल्ड स्टोरेज हों और दूसरा, स्थानीय उत्पाद के अनुसार खाद्य प्रसंस्करण खोले जाएं। देश में इस समय अंदाजन आठ हजार कोल्ड स्टोरेज हैं, जिनमें सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में 1817, गुजरात में 827, पंजाब में 430 हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश पर आलू और प्याज का कब्जा होता है। जरूरी है कि खेतों में कौन सी फसल और कितनी उगाई जाए, उसकी स्थानीय मांग कितनी है, और कितने का परिवहन संभव है -इस बाबत नीतियां तालुका या जनपद स्तर पर ही बनें तो पैदा फसल के एक-एक कतरे के श्रम का सही मूल्यांकन हो सकेगा। एक बात और, कोल्ड स्टोरेज या वेअरहाउस पर किसान का नियंत्रण हो, न कि व्यापारी का कब्जा।

# उज्जैन का महाकालेश्वर मंदिर टाले अकाल मृत्यु और दिलाए मोक्ष



**दक्षिणमुखी ज्योतिर्लिंग**- शंकर जी का यह अनोखा मंदिर अन्य प्रमुख 12 ज्योतिर्लिंगों में एक मात्र दक्षिणमुखी ज्योतिर्लिंग है। शास्त्रों के अनुसार कहा गया है कि दक्षिण दिशा के स्वामी स्वयं भगवान यमराज हैं। तभी जो भी व्यक्ति इस मंदिर में आ कर भगवान शिव की सच्चे मन से प्रार्थना करता है, उसे मृत्यु उपरांत यमराज द्वारा दी जाने वाली यातनाओं से मुक्ति मिलती है।

अकाल मृत्यु टालते हैं शिव जी-देश-दुनिया से काफी लोग यहां पर इसलिये भी दर्शन करने आते हैं कि जिससे वे अपनी अकाल मृत्यु को टाल सकें और सीधे मोक्ष को प्राप्त कर सकें।

सारी इच्छा करते हैं पूरी- भगवान शिव अपने भक्त की सारी इच्छाएं पूरी करते हैं। अगर आपको अपनी मनोकामनाएं पूरी करनी है तो यहां आ कर एक बार दर्शन जरुर करें, जिससे आपको धन, धान्य, निरोगी शरीर, लंबी आयु, संतान आदि सब कुछ प्राप्त हो।

पृथ्वी का केंद्र हैं महाकाल- कुछ विद्वानों का यह भी मत है कि महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग ही संपूर्ण पृथ्वी का केंद्र बिंदु है और संपूर्ण पृथ्वी के राजा भगवान महाकाल यहीं से पृथ्वी का भरण-पोषण करते हैं।

गाय के कंडे से होती है भस्मार्ती-यहाँ पहले महाकाल की भस्म आरती में ताजा मुर्दे की भस्म का ही प्रयोग होता था, किन्तु महात्मा गांधी के आग्रह के पश्चात शास्त्रीय विधि से निर्मित उपल-भस्म से भस्मार्ती होने लगी।

# दुर्योधन को भी दिए थे श्रीहरि ने विराट रूप में दर्शन



**विश्वरूप** या कहें भगवान विष्णु का विराट स्वरूप का उल्लेख भगवद्गीता के अध्याय 11 में है, जिसमें भगवान कृष्ण अर्जुन को कुरुक्षेत्र युद्ध में विश्वरूप दर्शन कराते हैं। लेकिन उन्होंने इस रूप में पहले भी अपने भक्तों को दर्शन दिए है।

**पुराणों** में उल्लेख मिलता है। भगवान विष्णु ने अपने इस रूप के दर्शन लक्ष्मी जी को करवाए थे। हालांकि कि इस बारे में अलग-अलग पुराणों में अलग-अलग जानकारी मिलती है। भगवान विष्णु के परम भक्त नारद जी को भी उन्होंने अपने विराट स्वरूप के दर्शन दिए हैं। भगवान विष्णु के भक्त प्रहाद के वंशज थे राजा बलि। जिनको भगवान विष्णु ने वामन अवतार में विराट स्वरूप के दर्शन दिए थे। द्वापर युग में जब भगवान श्रीकृष्ण के रूप में भगवान विष्णु ने अवतार लिया तब उन्होंने अपनी मां यशोदा को भी इसी विराट स्वरूप में दर्शन दिए थे। महाभारत में दुर्योधन और विश्वरूप दर्शन वर्णित है। कुरुक्षेत्र युद्ध के मैदान अर्जुन को विराट रूप के दर्शन दिए।

## भगवान विष्णु के अन्य नाम :

उग्र, शर्व, भगवत, नारायण, कृष्ण, वैकुण्ठ, विष्टरश्रवस्, जिन, हषिकेश, केशव, माधव, स्वभू, दैत्यारि, पुण्डरीकाक्ष, गोविन्द, गरुडध्वज, पीताम्बर, अच्युत, शार्गि, विष्वक्सेन, जनार्दन, दामोदर, इन्द्रावरज, चक्रपाणि, चतुर्भुज, पद्मनाभ, मधुरिपु, भीम, त्रिविक्रम, देवकीनन्दन, शौरि, श्रीपति, पुरुषोत्तम, वनमालिन्, बलिध्वंसिन, कंसाराति, अधोक्षज, विश्वम्भर, कैटभजित, विधु, श्रीवत्सलाञ्छन, पुराणपुरुष, यज्ञपुरुष,नरकान्तक, जलशायिन्, मुकुन्द, उपेन्द्र, मुरमर्दन, राम, वामन, नरसिंह, वराह और भविष्य में होने वाला अवतार कल्कि यह अवतार भगवान विष्णु का ही अवतार है।

# हनुमान जी के गुणों से आलोकित करें जीवन



मनोजवं मारुत तुल्यवेगंए जितेन्द्रियं बुद्धिमना वरिष्ठम।
वातात्मजं वानरयूथ मुयंएश्रीरामदूतं शरणं प्रपद्ये ॥

**यदि हम खुद को हनुमान जी का सच्चा भक्त मानते हैं, तो हमें ऐसे महान चरित्र के चारित्रिक गुणों के प्रकाश से स्वयं को प्रकाशित करने का प्रयास करना चाहिए।**

**उक्त** श्लोक द्वारा हमें सर्वतोमुखी शक्ति के प्रतीक हनुमान जी का यथार्थ चित्रण मिलता है की कैसे वे शरीर के साथ-साथ मन से भी अपार बलशाली थे एवं उन्होंने वासना को जीत लिया था। वे जितेन्द्रिय थे और बुद्धिमानों में भी श्रेष्ठतम थे। यह एक निर्विवाद तथ्य है कि भारत के लोगों के मन में हनुमान जी का चरित्र उनकी ईश्वर भक्ति, ईश्वर सेवा और ईश्वर के प्रति वफादारी के कारण बहुत ही प्रसिद्ध है। और इसलिए ही यहां के अधिकतर घरों में उनकी मूर्ति प्रतिदिन पूजी जाती है और देश के कोन-कोने में भी उनके अनगिनत मंदिर बने हुए हैं। जन के दिलों में स्थान पाने वाले हनुमान जी की पूजा-अर्चना करना उनके प्रति हमारी श्रद्धा का एक पहलू है, लेकिन उनके चारित्रिक गुणों से प्रेरणा लेना व उनके गुणों को जीवन में आत्मसात करना सर्वथा दूसरा पहलू है।

अत: यदि हम खुद को हनुमान जी का सच्चा भक्त मानते हैं, तो हमें ऐसे महान चरित्र के चारित्रिक गुणों के प्रकाश से स्वयं को प्रकाशित करने का प्रयास करना चाहिए। चैत्र पूर्णिमा के दिन जन्मे हनुमान जी के यूं तो अनेक नाम हैं, परन्तु सर्वाधिक प्रचलित हनुमान शद का अर्थ है, ऐसा व्यक्ति जो मान का हनन करने वाला हो। पौराणिक कथाकारों के अनुसार ज्ञानसूर्य परमात्मा के ज्ञान गुण शक्तियों को अपनी बुद्धि में समाहित करने वाले हनुमान जी अनेक आध्यात्मिक शक्तियों से सुसंपन्न रहे, लेकिन अपनी किसी भूल के कारण उन्हें यह शाप मिला कि समय आने पर वे अपनी शक्तियों को भूल जायेंगे और किसी के द्वारा याद दिलाये जाने पर वे शक्तियां जाग्रत हो उठेंगी। अब यह तो हम सब भलीभांति जानते ही हैं कि शाप देने का कार्य कोई श्रेष्ठ व्यक्ति तो कर नहीं सकता, क्योंकि क्योंकि शाप या बददुआ देने वाली तो माया है, अर्थात पांच विकार, तो इसका अर्थ यह हुआ की कलियुग के अंत में जब हम सभी आत्माएं माया द्वारा शापित होकर मूर्च्छित हो जाती हैं और अपनी समस्त शक्तियां खो देती हैं, तब सर्वशक्तिमान परमात्मा हमें ज्ञान संजीवनी द्वारा फिर से सुरजीत करते हैं और माया के शाप से हमें सदा के लिए मुक्त कर देते हैं, जिसके फलस्वरूप हम अपनी सर्व आध्यात्मिक शक्तियों को पुन: प्राप्त कर लेते हैं।

कहते हैं कि इष्ट का उज्जवल चरित्र ही साधकों के जीवन को इत्र समान खुशबूदार और गुणवान बनाता है। आत्मा अमर है और उसके द्वारा किए जाने वाले महान चरित्र भी चिरंजीव ही रहते हैं।

अत: हमें यह महसूस करना चाहिए कि वर्तमान समय वही युग परिवर्तन की वेला है, जब सर्व शक्तिमान परमात्मा माया रावण के चंगुल में फंसी आत्मा रूपी सीताओं की खोज में धरती पर अवतरित हो चुके हैं। ऐसे समय में भगवान श्री हनुमान जी की तरह त्याग, तपस्या और सेवा को जीवन में धारण करके ईश्वरीय सेवा में मददगार बनने वाली आत्माओं का भगवान आहान कर रहे हैं।

## याचना की बजाय गुणों को धारण करें :

संसार की आत्माएं तो हुनमान जी को अष्ट सिद्धि और नवनिधि की पूर्ति की कामना हेतु स्वार्थवश याद करती हैं, परन्तु वर्तमान समय की मांग यह है कि हम समय की नाजुकता को पहचान कर हनुमान जी से याचना करने की बजाय उन जैसे गुणों को धारण करके अनेक याचक आत्माओं की कामना पूर्ति करें और श्री हनुमान जी के गुणों की रोशनी से अपने जीवन-पथ को आलोकित करें। उनके समान ईश्वर प्रेम में रम जाएं और उनके समान ईश्वर समर्पित होकर ईश्वर समान बन जाएं।

# क्यों अपनी ही पुत्री की ओर आकर्षित हुए ब्रहमा

**सरस्वती** का अर्थ होता है बहाव। यह बहाव केवल पानी का नहीं बल्कि विद्या और कला का भी है। यही वजह है कि इन्हें विद्या और कला की देवी भी कहा जाता है। सरस्वती के द्वारा विज्ञान, संगीत और कविताओं की रचना की गई है। ऋग्वेद में सरस्वती को दैवीय नदी की भी संज्ञा दी गई है। साथ ही इन्हें पवित्रता और उर्वरता की देवी भी कहा गया है। सरस्वती को अन्य नामों से भी पुकारा जाता है, जिनमें भागेश्वरी, सतरूपा, ब्राहमी, पृथुदर, बकदेवी, बिरज, शारदा आदि प्रमुख हैं। हिन्दू धर्म से जुडे पौराणिक इतिहास पर नजर डालें तो कई ऐसी कहानियां सुनने को मिल जाएंगी जिनसे अभी तक आमजन वाकिफ नहीं हैं। विस्तृत इतिहास होने की वजह से कुछ घटनाएं छूट जाती हैं तो कुछ नजरअंदाज कर दी जाती हैं। इन्हीं कहानियों में से एक हैं सृष्टि के रचयिता ब्रहमा का अपनी ही बेटी के साथ विवाह करने की घटना।यह बात तो हम सभी जानते हैं कि त्रिदेव के हाथों में ही इस सृष्टि की बागडोर समाहित है। ब्रहमा के पास सृष्टि की रचना का दायित्व है तो विष्णु के पास संरक्षण का, वहीं देवों के देव कहे जाने वाले महादेव शिव को विनाश का जिम्मा सौंपा गया है। इसी विनाश के बाद फिर से शुरू होता है सृजन का चक्र। ब्रहमा का अपनी ही बेटी के साथ विवाह करने की इस घटना का उल्लेख सरस्वती पुराण में वर्णित है। सरस्वती पुराण के अनुसार सृष्टि की रचना करते समय ब्रहमा ने सीधे अपने वीर्य से सरस्वती को जन्म दिया था। इसलिए ऐसा कहा जाता है कि सरस्वती की कोई मां नहीं केवल पिता, ब्रहमा थे।

सरस्वती को विद्या की देवी कहा जाता है, लेकिन विद्या की यह देवी बेहद खूबसूरत और आकर्षक थीं कि स्वयं ब्रहमा भी सरस्वती के आकर्षण से खुद को बचाकर नहीं रख पाए और उन्हें अपनी अर्धांगिनी बनाने पर विचार करने लगे। सरस्वती ने अपने पिता की इस मनोभावना को भांपकर उनसे बचने के लिए चारो दिशाओं में छिपने का प्रयत्न किया लेकिन उनका हर प्रयत्न बेकार साबित हुआ। इसलिए विवश होकर उन्हें अपने पिता के साथ विवाह करना पडा। ब्रहमा और सरस्वती करीब 100 वर्षों तक एक जंगल में पति-पत्नी की तरह रहे। इन दोनों का एक पुत्र भी हुआ जिसका नाम रखा गया था स्वयंभु मनु। इसके उलट मत्स्य पुराण के अनुसार ब्रहमा के पांच सिर थे। कहा जाता है जब ब्रहमा ने सृष्टि की रचना की तो वह इस समस्त ब्रहमांड में अकेले थे। ऐसे में उन्होंने अपने मुख से सरस्वती, सान्ध्य, ब्राहमी को उत्पन्न किया। ब्रहमा अपनी ही बनाई हुई रचना, सरवस्ती के प्रति आकर्षित होने लगे और लगातार उन पर अपनी दृष्टि डाले रखते थे। ब्रहमा की दृष्टि से बचने के लिए सरस्वती चारो दिशाओं में छिपती रहीं लेकिन वह उनसे नहीं बच पाई।इसलिए सरस्वती आकाश में जाकर छिप गईं लेकिन अपने पांचवें सिर से ब्रहमा ने उन्हें आकाश में भी खोज निकाला और उनसे सृष्टि की रचना में सहयोग करने का निवेदन किया। सरस्वती से विवाह करने के पश्चात सर्वप्रथम मनु का जन्म हुआ। ब्रहमा और सरस्वती की यह संतान मनु को पृथ्वी पर जन्म लेने वाला पहला मानव कहा जाता है। इसके अलावा मनु को वेदों, सनातन धर्म और संस्कृत समेत समस्त भाषाओं का जनक भी कहा जाता है।



प्रजापति ब्रहमा का अपनी ही पुत्री के प्रति आकर्षित होना और उसके साथ संभोग करना अन्य सभी देवताओं की नजरों में अपराध था। सभी ने मिलकर पापों का सर्वनाश करने वाले शिव से आग्रह किया कि ब्रहमा ने अपनी पुत्री के लिए यौनाकांक्षाएं रखीं, जोकि एक बडा पाप है, ब्रहमा को उनके किए का फल मिलना ही चाहिए। क्रोध में आकर शिव ने उनके पांचवें सिर को उनके धड से अलग कर दिया था। शिव पुराण के अनुसार ब्रहमा के सर्वप्रथम पांच सिर थे। लेकिन जब अपने पांचवें मुख से उन्होंने सरस्वती जोकि उनकी पुत्री थी, को उनके साथ संभोग करने के लिए कहा तो क्रोधावश सरस्वती ने उनसे कहा कि तुम्हारा यह मुंह हमेशा अपवित्र बातें ही करता है जिसकी वजह से आप भी विपरीत ही सोचते हैं। इसी घटना के बाद एक बार भगवान शिव, अपनी अर्धांगिनी पार्वती को ढूंढते हुए ब्रहमा के पास पहुंचे तो पांचवें सिर को छोडकर उनके अन्य सभी मुखों ने उनका अभिवादन किया, जबकि पांचवें मुख ने अमंगल आवाजें निकालनी शुरू कर दी। इसी कारणवश क्रोध में आकर शिव ने ब्रहमा के पांचवें सिर को उनके धड से अलग कर दिया।

# घर में इसलिए रखते हैं हरे पौधे

**घर** में यदि आप हरे पौधों को रखते हैं, तो यह घर के वास्तु दोषों को दूर करने में सहायक होते हैं। इनमें सबसे ज्यादा तुलसी के पौधे को महत्व दिया जाता है। तुलसी के पौधे से जब हवा स्पर्श कर बहती है, तब वह घर के पर्यावरण को भी स्वस्थ्य रखती है। प्रदूषण और रोग निवारण में तुलसी का पौधा औषधि है। इस घर में अवश्य ही लगाएं। ठीक इसी तरह पृथ्वी के नीचे कहीं-कहीं निगेटिव स्ट्रीम(झिर) होती है। यदि यह स्ट्रीम दुकान या फैक्ट्री पर हो तो गंभीर रोगों से प्रभावित हो सकता है। यह गंभीर रोग जैसे हदय रोग, मधुमेह, लकवा और केंसर हो सकते हैं। तुलसी का पौधा यदि घर में है तो यह स्ट्रीम निष्क्रीय हो जाती है।

हरे पौधे विकास का प्रतीक भी माने जाते हैं। जो घर के अंदर रखने से मंगलमय यानी सकारात्मक ऊर्जा को प्रवाहित करते हैं। ठीक इसी तरह वास्तु शांति के लिए घर के अंदर हवन भी हर माह जरूर करवाना चाहिए। हवन का धुंआ घर में उपस्थित निगेटिव एनर्जी, वास्तु दोषों के साथ रोग फैलाने वाले कीटाणुओं का भी अंत कर देता है। जिससे कि आपकी जिंदगी खुशनुमा तरीके से व्यतीत होती है।



# इन उपायों से होगी आपकी कई मनोकामनाएं पूरी

**हमारे** जीवन में सुख दुख तो लगा रहता है जिस कारण हम परेशान भी होते है । सभी चाहते हैं कि उसके जीवन में खुशहाली रहे और सुख-शांति बनी रहे पर हर व्यक्ति के साथ ऐसा नहीं होता। जीवन में सुख और शांति का बना रहना काफी मुश्किल होता है। ऐसे में कुछ उपायों को अपनाकर शायद हम अपने जीवन को खुशहाल बना सकते हैं। तुलसी के पौधे को प्रतिदिन जल चढाएं तथा गाय के घी का दीपक लगाएं। रविवार को पुष्य नक्षत्र में श्वेत आक की जड लाकर उससे श्रीगणेश की प्रतिमा बनाएं फिर उन्हें खीर का भोग लगाएं। लाल कनेर के फूल तथा चंदन आदि के उनकी पूजा करें। तत्पश्चात गणेशजी के बीज मंत्र (ऊँ गं) के अंत में नम: शब्द जोडकर 108 बार जप करें। सुबह गौरी-शंकर रुद्राक्ष शिवजी के मंदिर में चढाएं। सुबह बेल पत्र (बिल्व) पर सफेद चंदन की बिंदी लगाकर मनोरथ बोलकर शिवलिंग पर अर्पित करें। बड के पत्ते पर मनोकामना लिखकर बहते जल में प्रवाहित करने से भी मनोरथ पूर्ति होती है। मनोकामना किसी भी भाषा में लिख सकते हैं। नए सूती लाल कपडे में जटावाला नारियल बांधकर बहते जल में प्रवाहित करने से भी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। इन प्रयोगों को करने से आपकी सभी मनोकामनाएं शीघ्र ही पूरी हो जाएंगी। सुबह घर से काम के लिए निकलने से पहले नियमित रूप से गाय को रोटी दें। एक पात्र में जल लेकर उसमें कुंकुम डालकर बरगद के वृक्ष पर नियमित रूप से चढाएं। सुबह घर से निकलने से पहले घर के सभी सदस्य अपने माथे पर चन्दन तिलक लगाएं। मछलियों की आटे की गोली बनाकर खिलाएं। चींटियों को खोपरे व शकर का बूरा मिलाकर खिलाएं। शुद्ध कस्तूरी को चमकीले पीले कपडे में लपेटकर अपनी तिजोरी में रखें।

# ओड़िशा से जंगली सूअर की मांस खापाने छत्तीसगढ़ पंहुचा आरोपी, हुआ गिरफ्तार

**सारंगढ़ योगेश कुर्रे ( समय दर्शन )** विगत कुछ दिनों से सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले मे जंगली जीव की हत्या की खबर सामने आ रही है अभी तक तेंदुआ का शव मिला उस घटना के आरोपी वन विभाग के गिरफ्त से बाहर है और एक बार फिर शिकार वाली घटना सामने आई है लेकिन शिकार सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के जंगल मे नही बल्की ओड़िशा मे हुआ और उसे बेचने के फ़िराख़ से छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सरिया बरमकेला क्षेत्र मे खापाने के फ़िराख़ से आ रहा था लेकिन सीमावर्ती नाका कंचनपुर के पास सरिया पुलिस ने पकड़ी और जाँच किया गया तो एक थैला मे लगभग 10 किलो जंगली सूअर का मांस मिला सरिया पुलिस ने बरमकेला वन विभाग को जानकारी देकर सुपुर्द कर दिया जिसपे अब वन विभाग की टीम कार्यावही मे जुट गई है वही आरोपी ओड़िशा राज्य के बरगढ़ जिला गांव लुदुपाली




रोहि दास का नाम बताया जा रहा है और किससे ख़रीदा और किसके पास बेचने के लिए लाया जा रहा उसकी वन विभाग की टीम अभी जाँच कर रही है

**जंगल और जीव को संरक्षित और सुरक्षित करना सबकी जिम्मेदारी :** लगातार जंगल उजड़ रहा और जंगली जीवो की हत्या खुलेआम हो रही कही ना



कही इससे जंगल के साथ जीवो की भी सुरक्षा जितनी वन विभाग की है उतनी ही आम जन मानस की भी है लेकिन आज लगातार बिजली करेंट बिछाकर शिकार कर रहे उससे जंगली जीव ही नही बल्की उसकी चपेट मे अन्य कई जीव के साथ इंसान भी आ रहे यह बहुत ही गहरा संकट है जिस पर जागने की जरूरत है वही वन विभाग सारंगढ़ वन विभाग की टीम विफ्ल नजर आ रही टाइगर जैसे जीव को सुरक्षित नही रख पाई और ना ही तेंदुआ को सूअर का शिकार तो आम बात हो गई वन विभाग को गस्त बढ़ाने की जरुरत है और साथ ही अपने तंत्र मजबूत करने की जरुरत जबकि अब सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला बन गया लेकिन अब भी दल की कमी से जिला जूझ रहा और रही कसी कसर वन कर्मी पूरा कर रहा जहाँ वन विभाग की टीम अपने बीट क्षेत्र मे लगातार गस्त ना लगाने का खाम्याजा जंगल और जंगली जीव भुगत रहे साथ ही क़ानून व्यवस्था को भी कठोर कदम उठाने होंगे अधिकाश आरोपी पकडे तो जाते है लेकिन कुछ दिन मे छूट कर बाहर आ जाते और फिर शिकार से नही कतराते तो कही ना कही क़ानून व्यवस्था भी शख़्त क़ानून की आवश्यकता है

# बुधवार को पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा और साथियों ने एस.डी.एम. कार्यालय पहुंचकर लोगों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनी



**गेंददास मानिकपुरी सिटी रिपोर्टर**

**महासमुंद ( समय दर्शन )।** लोगों से समस्याएं सुनने के पश्चात डॉ. चोपड़ा ने विभागीय अधिकारियों से मिलकर चर्चा करना चाहा लेकिन चुनावी कार्यों में ड्यूटी लगने के कारण पदस्थ सभी अधिकारी कार्यालय से अनुपस्थित रहे, जिसके बाद डॉ. चोपड़ा ने तहसील कार्यालय से पुराने लंबित प्रकरणों के निराकरण स्थिति के संबंध में जानकारी ली। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि 20 जनवरी से आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है और चुनावी प्रक्रियाएं भी प्रारंभ हो चुकी है जिसके चलते अभी भेंट कार्यक्रम को स्थगित किया गया है। नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हो जाने के बाद पुन: किसानों और लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी जाएगी और निराकरण हेतु अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। जिन किसानों को राजस्व या अन्य विभाग संबंधी समस्याएं आ रही होगी तो वे पूर्व विधायक डॉ. चोपड़ा के निवास कार्यालय (जैन नर्सिंग होम) बरोंडा चौक में आकर अपनी समस्याएं दर्ज करवा सकते हैं, जिसके पश्चात डॉ. चोपड़ा द्वारा विभागीय अधिकारियों और कलेक्टर के साथ बात कर उन प्रकरणों पर निराकरण के लिए चर्चा की जाएगी।

# 35 वॉ सड़क सुरक्षा माह के तेईसवें दिवस उप पुलिस अधीक्षक यातायात व यातायात स्टॉफके द्वारा शहर के चौक चौराहों में आमजन, वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की गई अपील

### थाना केरेगॉव पुलिस द्वारा ग्राम बगरूननाला के मंडई में पहुंचकर ग्रामीणों को दी गई यातायात नियमों की जानकारी

### यातायात रथ ग्राम कोलियारी,अछोटा, भोयना पहुंच कर स्कूली बच्चों, ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा की दी जानकारी




**ब्यूरों सैय्यदा मुनीज़ा हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़।** सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार 35 वॉ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पुलिस अधीक्षक धमतरी श्री आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार, उप पुलिस अधीक्षक सुश्री मोनिका मरावी के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा माह के बाईसवें दिवस दिनांक 23.01.25 को शहर के चौक-चौराहों में आवगमन करने वाले वाहन चालकों, आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर यातायात नियमों का पालन कराने के उद्देश्य से उप पुलिस अधीक्षक यातायात एवं यातायात स्टॉफ द्वारा वाहन चालकों एवं आमजन को यातायात नियमों की जानकारी देकर यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को प्रोत्साहित किया गया एवं उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों को यातायात नियमावली पाम्पलेट वितरण कर यातायात नियमों का पालन करने अपील की गई।

थाना केरेगॉव पुलिस प्रआर. शिव सिंह भदौरिया,आर. जितेन्द्र ठाकुर,राजू भारद्वाज के द्वारा ग्राम बगरूननाला के मंडई में पहुंचकर ग्रामीणजन को यातायात नियमों की जानकारी देकर बताया गया कि दोपहिया व चारपहिया वाहन चलाने के दौरान आवश्यक रूप से हेलमेट व सीटबेल्ट पहनना चाहिये, अपनी वाहन को निर्धारित गति में चलाना चाहिये, वाहन चलाने के दौरान मोबाईल फोन या हेडफोन का इस्तेमाल नही करना चाहिए, शराब सेवन या नशापान कर वाहन नही चलाना चाहिए, दोपहिया वाहन में तीन सवारी एवं मालवाहक वाहन में सवारी नही ले जाना चाहिए, असावधानीपूर्वक ओवरटेकिंग नही करना चाहिए आदि बताकर यातायात नियमों का पालन करने अपील की गई।

ग्राम कोलियारी,अछोटा, भोयना के स्कूली बच्चों, ग्रामीणजन को यातायात नियमों को जागरूक करने के उद्देश्य से यातायात जागरूकता रथ के माध्यम से आर. गणपत डिंडोलकर द्वारा पीए सिस्टम से एवं यातायात जन-जागरूकता पाम्पलेट का वितरण कर यातायात नियमों के संबंध में जानकारी देकर जागरूक करने का प्रयास किया गया।उक्त कार्यक्रम में दिल्ली पब्लिक स्कूल सांकरा एवं शास0 उच्च मा0 वि0 बोराई के छात्र-छात्राएँ, शिक्षकगण, थाना बोराई से सउनि.फ्रस राम नेताम, आर. अघन्तु राम मरकाम, चा. आर. राजेन्द्र बंजारे उपस्थित रहें।

# एंकॉर-आल्कॉम ने भारत का सबसे बड़ा एल्यूमिनियम दरवाजों का प्लांट स्थापित किया

**नई दिल्ली :** एंकॉर-आल्कॉम, जो हैदराबाद की एक प्रमुख एल्यूमिनियम दरवाजे और खिड़कियों की निर्माता कंपनी है, ने घोषणा करते हुए बताया की उसकी नई मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी, जो ऑटो रोबोटिक तकनीक से लैस भारत की पहली फैक्ट्री है, सूरत, गुजरात में शुरू हो गई है। भारत की यह सबसे बड़ी एल्यूमिनियम दरवाजे और खिड़कियां बनाने वाली फैसिलिटी 1,84,000 वर्ग फुट में फैली हुई है और 500 लोगों को रोजगार दे रही है। कंपनी इस प्लांट में कई फेज में 60 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। एंकॉर वुडक्राफ्ट्स के फाउंडर और चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, अवथू शिवा कोटी रेड्डी ने कहा, हमने इस अत्याधुनिक नए प्लांट के लिए जर्मन तकनीक का उपयोग किया है, जिसकी



प्रोडक्शन कैपेसिटी 35,000 वर्ग फुट प्रति दिन है। हम अपने नए और आधुनिक प्रोडक्ट्स को 24 जनवरी से हैदराबाद के हाइटेक्स में आयोजित होने वाले ऐसटेक ट्रेड फेयर में प्रदर्शित करेंगे। जयंती भाई पटोला, आल्कॉम के डायरेक्टर ने कहा, अब तक, कंपनी ने अमेरिका, ब्रिटेन, दुबई और यूरोप सहित 3,500 प्रोजेक्ट्स को सफलतापूर्वक पूरा किया है। हमारे प्रोडक्ट्स इस सेगमेंट में दुनिया की लीडिंग कंपनियों के बराबर हैं, क्योंकि हमारे पास अपनी विश्वस्तरीय अनुसंधान एवं विकास टीम है और हमने इटालियन डिजाइनरों के साथ मिल कर काम किया है। सबसे बड़ा स्लाइडिंग दरवाजा.. एंकॉर-आल्कॉम ने 20 फुट ऊंचा स्लाइडिंग दरवाजा बनाकर एक रिकॉर्ड स्थापित किया, जो ऊंचाई और चौड़ाई के मामले में भारत में सबसे बड़ा है, शिवा कोटी रेड्डी ने बताया। हमने एक प्रोजेक्ट में 3.6 टन वजनी स्लाइडिंग दरवाजा भी स्थापित किया। हमारी कंपनी ऐसे स्लाइडिंग दरवाजे डिजाइन करती है, जिन्हें तीन साल का बच्चा भी आसानी से चला सके। हमारे द्वारा निर्मित दरवाजे और खिड़कियां भारत और विदेशों में स्थापित नए रेस्तरां, कैफे और आउटलेट्स को विशेष आकर्षण प्रदान करती हैं, उन्होंने बताया। नए मैकेट्स में प्रवेश.. एंकॉर-आल्कॉम जल्द ही ऑस्ट्रेलिया और मध्य पूर्व में अपने मार्केट का विस्तार करने की तैयारी कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### आभार



होमन सिंह ठाकुर समय दर्शन नंदिनी अहिवारा।मै देवऋषि घिदोडे (अध्यक्ष न्यू आदर्श युवा संगठन ) ग्राम नंदिनी खुंदिनी तहसील अहिवारा जिला दुर्ग छग 19 जनवरी 2025 दिन रविवार को भव्य मंड़ई मेला एवं समाजिक समरसता करने मे अपनी अर्थिक मानसिक एवं विशेष सहयोग दिये है जिनके बदौलत वह कार्यक्रम एक एतिहासिक सफलता पुर्वक संपन हुआ जिसके लिये मै दान दाता गण , संगठन के सद्स्यगण पुरे छत्तीसगढ़ के कार्यक्रम देखने आये सगा सम्बधित , पुलिस प्रसासन , शासन , दर्शक दीर्घा , आप सभी को कोटि कोटि प्रणाम करता हूँ जो अपनी अपनी कर्तव्य को निर्वाहन किये धन्यवाद

### गणतंत्र दिवस में खाद्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल करेंगे ध्वजारोहण

**महासमुंद ( समय दर्शन )।** जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित होने वाले 76 वें गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में जिले के प्रभारी एवं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। राज्य शासन द्वारा इस आशय के सूची जारी की गई है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 : समस्त शासकीय विभागों में 24 जनवरी को दिलाई जाएगी मतदाता शपथ

**महासमुंद( समय दर्शन )।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 15 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025, 25 जनवरी को अवकाश होने के कारण 24 जनवरी को वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम के थीम पर मनाया जाएगा। 24 जनवरी को समस्त शासकीय विभागों में प्रात: 11:00 बजे या यथोचित समय में अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई जाएगी।

### दानी टोला शराब भट्ठी के पास धमतरी में धारदार बटंची चाकू लहराते हुए लोगों को डरा धमका रहे आरोपी को धमतरी पुलिस ने किया तत्काल गिरफ्तार



**ब्यूरों सैय्यदा मुनीज़ा हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़।** संक्षिप्त विवरण -: थाना सिटी कोतवाली पेट्रोलिंग पर रवाना हुआ था तभी बिलाई माता मंदिर के पास मुखबिर से सुचना प्राप्त हुआ की एक व्यक्ति जो सफेद रंग का शर्ट पहना है जो दानी टोला शराब भट्ठी के पास अपने हाथ में एक धारदार हथियार को लहराते हुये आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा की सुचना पर तत्काल कोतवाली पुलिस टीम मुखबिर के बताये दानी टोला शराब भट्ठी के पास पहुंचकर देखे तो एक द्वारा धारदार हथियार बटंची चाकू को अपने हाथ लेकर आम जगह पर लहरा रहा था जिसे देखकर आने जाने वाले लोगो में भय व्याप्त था।

उक्त व्यक्ति को गवाहों के समक्ष घेराबंदी कर पकड़ा गया जिससे नाम पता पुछने पर उसने अपना नाम योगेश ध्रुव उर्फ काला पिता स्व.नरेश ध्रुव उम्र 26 वर्ष साकिन मकेश्वर वार्ड धमतरी का रहने वाला बताया।

आरोपी के कृत्य अपराध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के पर्याप्त साक्ष्य सबुत पाये जाने से गवाहों के समक्ष विधिवत गिरफ्तार कर आरोपी से धारदार बटंची चाकू जप्त कर उनके विरुद्ध थाना कोतवाली में अप.क्र.21/25 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर,आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

धमतरी पुलिस द्वारा शहर में ऐसे घटनाओं को रोकने के लिये ऐसे असमाजिक तत्वों एवं बदमाशों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य

आरोपी का नाम*:-योगेश ध्रुव उर्फ काला पिता स्व.नरेश ध्रुव उम्र 26 वर्ष साकिन मकेश्वर वार्ड धमतरी,थाना सिटी कोतवाली धमतरी,जिला धमतरी (छ.ग.)

उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली से प्रआर. सौरभ,दीपक साहू,आरक्षक मुकेश, चंदर, डायमंड, गोपाल कड़हरे का विशेष योगदान रहा।

# सहायक आयुक्त बद्रीश सुखदेवे ने कन्या छात्रावास छिन्द का निरीक्षण किया

**निरीक्षण में विशेष कोचिंग सेंटर सुव्यवस्थित संचालित मिले, अधीक्षिका ने छात्रावास को जिले में प्रथम स्थान के लिए कड़ी मेहनत की**

### अधीक्षिका ने बच्चों की आवश्यकता सामग्री लोवर , टी शर्ट व कॉपी पेन सहायक आयुक्त के हाथों बच्चों को वितरण की

### एक पेड़ माँ के नाम वृहद वृक्षारोपण में लौंग , अमरूद, नारियल फलदार पौधा रोपण भी किया गया

**सारंगढ ( समय दर्शन )-** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की विकास खण्ड सारंगढ की प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास छिन्द की आकस्मिक निरीक्षण 22 जनवरी 2025 को सहायक आयुक्त बद्रीश सुखदेवे द्वारा किया गया। निरीक्षण दौरान विशेष कोचिंग सेंटर सुव्यवस्थित संचालित पाया गया। प्रातः समय प्रशिक्षक विषय गणित नरेश पटेल द्वारा गणित विषय का अध्यापन कार्य कराया पाया गया । विज्ञान विषय प्रशिक्षक श्रीमती सुखनी जांगड़े एवं अंग्रेजी विषय प्रशिक्षक दिनेश रात्रे द्वारा कोचिंग दिया जाता है। उक्त प्रशिक्षकों को सहायक आयुक्त ने सहायक शिक्षण सामग्री का उपयोग करने के लिए निर्देशित किया गया। एवं बच्चों को गणित व सामान्य ज्ञान की प्रश्न पूछे जिस पर सभी बालिकाओं ने सही उत्तर दिए । बच्चों को उत्साहवर्धन हेतु सहायक आयुक्त द्वारा इनाम भी दिया गया एवं आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

**स्मार्ट क्लास संचालित है -** प्राय: देखा जाता है कि आधुनिक युग में सरकारी मशीनी सामग्री धूल खाती पड़ती नजर आती है परंतु यहाँ अधीक्षिका की सूझ बूझ से एवं बच्चों की पढ़ाई के लिए एवं बच्चों के मनोबल को बढ़ाने के लिए अपने वेतन की राशि से संस्था में जिओ फाइबर लगवा कर प्रोजेक्टर के माध्यम से स्मार्ट क्लास संचालित कर रही है। अब




बच्चे स्वयं अपने-अपने कक्षों की गणित , अंग्रेजी , विज्ञान व सामान्य ज्ञान की पढ़ाई प्रोजेक्टर के माध्यम से कर रही हैं। एवं पढ़ाई संबंधी समस्याओं को नेट व यू ट्यूब के माध्यम से कठिन को सरल ढंग से समझ पा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। निरीक्षण में अधिकारियों ने इस पर अधीक्षिका की प्रसंशा किये।

**बच्चों की आवश्यकता सामग्री की वितरण-** सहायक आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार शिष्यवृत्ति राशि की 15त्न राशि का उपयोग बच्चों की आवश्यकता आधारित सामग्री लेकर वितरण करना है उक्त निर्देश के परिपालन में अधीक्षिका ने बच्चों के लिए लोवर , टी शर्ट एवं कॉपी पेन सहायक आयुक्त बद्रीश सुखदेवे एवं वेतन केंद्र प्रभारी विमल कुमार अजगल्ले के हाथों सभी बालिकाओं को दिया गया। इससे पहले भी इस सत्र दो बार कॉपी ,पेन , शीश , टाई - बेल्ट , पानी बॉटल व जरूरत अनुसार अन्य सामग्री वितरण की गई है।

**एक पेड़ माँ के नाम वृहद वृक्षारोपण व सौंदर्यीकरण -** सहायक आयुक्त द्वारा एक पेड़ माँ के नाम के तहत लौंग पौध रोपण किये तथा वेतन केंद्र प्रभारी व अधीक्षिका द्वारा नारियल , अमरूद फलदार वृहद वृक्षारोपण किया गया। छात्रावास में लगभग 100 केले , 80 नारियल , 15 अमरूद , 20 मुनगा , 03 लौंग , 4 पपीता , सहित लगभग 400 से अधिक वृक्षारोपण कर अधीक्षिका श्रीमति रथबाई भारद्वाज ने छात्रावास की सुंदरता को बढ़ाने में सफल रही। तथा छात्रावास के सामने बाहर रोड़ पर लगभग 200 मीटर तक जॉली घेराव कर बहुत से फलदार , फूल सहित सो पत्ता लगाकर उद्यानिकी सौंदर्यीकरण करने की सफल प्रयास की गई है जिसकी प्रसंशा ग्रामीणों द्वारा किया जाता है साथ ही अधिकारियों द्वारा भी प्रसंशा किया जाता रहा है।

**सुंदर किचन गार्डन -** छात्रावास की अधीक्षिका श्रीमती रथबाई भारद्वाज ने छ: स्थानों पर सेमी (सेम) सब्जी लगाई है , साथ ही मेथी भाजी , लौकी , फूलगोभी , पत्ता गोभी एवं टमाटर लगाई है। मजदूरों की सहयोग से सुंदर किचन गार्डन का निर्माण की गई है।

**स्वस्थ व खुशहाल वातावरण का निर्माण -** अधीक्षिका रथबाई भारद्वाज ने बच्चों की खुशहाली के लिए एक कदम आगे बढ़ते हुए गरीब मजदूर वर्ग के बालिकाएं छात्रावास में अपने माता पिता को छोड़कर रहते हैं बहुत से माता पिता पालक पलायन में रहते हैं इस बात को ध्यान में रखती हुई बच्चों की जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाती है। इस प्रकार सभी बच्चों को उनके जन्मदिन को हर्षोल्लास के साथ मनाकर एक खुशहाल व स्वस्थ वातावरण का निर्माण की है। ऐसे बहुत से बालिकायें हैं जिनकी माता पिता पालक पलायन में है उनकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अधीक्षिका पर निर्भर रहती है। और उक्त निर्वहन को जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन कर रही है।

**राष्ट्रीय पर्व व महापुरुषों की जयंती धूमधाम से मनाते हैं-** छिन्द की प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास विकास खण्ड सारंगढ़ की आदर्श छात्रावास के रूप में विकसित व चिन्हांकित है। जहाँ राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाया जाता है साथ ही बाबा गुरुघासीदास जयंती , भगवान बिरसा मुंडा जयंती , माता सावित्री बाई फुले जयंती , महात्मा गांधी जयंती , डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

**संस्था में हैं होनहार बच्चे-** इस संस्था में 10 वी 88त्न 12वी 85त्न 8 वी में 95त्न 9 वी में 95त्न सहित उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने वाली बालिकायें छात्रावास को गौरान्वित कर रही हैं। तथा खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम , स्काउट गाइड में बढ़चढ़ कर भाग लेकर छात्रावास को आदर्श छात्रावास के रूप में नाम रोशन करने में महती भूमिका निभा रही हैं।पिछले सत्र लगभग 35 बालिकाओं ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई एवं 20 बालिकाओं ने 70त्न से अधिक प्रतिशत लाकर संस्था को गौरांवित की है। उक्त सभी सराहनीय कार्यों में छात्रावास की प्रभारी अधीक्षिका श्रीमती रथबाई भारद्वाज की महत्वपूर्ण योगदान मार्गदर्शन एवं भूमिका रही है।। तथा बच्चों का सहर्ष सहयोग भी अधीक्षिका को भी मिलती रही है।

**बन सकता है प्रेरणा स्त्रोत -** यदि शासन प्रशासन ध्यान दे तो यह अन्य छात्रावासों हेतु प्रेरणा स्त्रोत केंद्र बन सकती है। इस संस्था से प्रेरित होकर जिले के अन्य छात्रावास /आश्रम को इसका लाभ मिल सकता है। इससे प्रेरित होकर यदि जिले की अन्य आश्रम छात्रावास अनुसरण करेंगे तो गरीब मजदूर वर्ग के बच्चों को इसका लाभ मिल सकता है और लाभान्वित हो सकते हैं।। जिसके लिए दृढ़ इच्छाशक्ति एवं मेहनत व लगन की आवश्यकता होगी।

# नगर पालिका आम निर्वाचन 2024-25 के लिए रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने कबीरधाम जिले के सात नगरीय निकायों के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटरिंग अधिकारी नियुक्त किया

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर के आदेश और छत्तीसगढ़ नगरपालिका निर्वाचन नियम 1994 के नियम 13 और 14 के तहत नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-25 के लिए रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की है। यह आदेश जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा 21 जनवरी 2025 को जारी किया गया। संबंधित अधिकारियों को समय पर निर्वाचन कार्य की तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं

आदेश में नगरीय निकायों के लिए संबंधित रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जिसमें नगरपालिका परिषद, कवर्धा के लिए रिटर्निंग ऑफिसर सुश्री मोनिका कौडो, अपर कलेक्टर, कबीरधाम, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सुश्री आकांक्षा नायक, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा एवं रोहित कुमार साहू, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, कवर्धा को बनाया गया है।



नगरपालिका परिषद, पंडरिया के रिटर्निंग ऑफिसर संदीप ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पंडरिया को बनाया गया है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती पूजा सिंगसार्वा, नायब तहसीलदार, पंडरिया एवं अभिषेक सिंह राजपूत, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, पंडरिया बनाया गया है।

नगर पंचायत, पांडातराई के रिटर्निंग ऑफिसर रवीन्द्र कुमार कुर्रे, तहसीलदार, कुंडा को बनाया गया है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर भगवती प्रसाद ध्रुव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, पांडातराई को बनाया गया है।

नगर पंचायत, पिपरिया के रिटर्निंग ऑफिसर प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, तहसीलदार, पिपरिया को बनाया गया है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसरयोगेश्वर सिंह नेताम, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, पिपरिया होंगे। नगर पंचायत इंदौरी के रिटर्निंग ऑफिसर सुश्री प्रीति लारोकर, तहसीलदार, स्था. निर्वा. कार्यालय, कबीरधाम को बनाया गया है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती कावेरी मुखर्जी, नायब तहसीलदार, पिपरिया होंगे।

नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के रिटर्निंग ऑफिसर चेतन साहू, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), सहसपुर लोहारा को बनाया गया है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर हुलेश्वर कुमार पटेल, नायब तहसीलदार, सहसपुर लोहारा तेजसिंह चंद्रवंशी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, सहसपुर लोहारा होंगे।

इसी तरह नगर पंचायत, बोडला के रिटर्निंग ऑफिसररू सुश्री रुचि शार्दुल, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), बोडला को बनाया गया है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर प्रकाश जायसवाल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, बोडला होंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। सभी अधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए है।

## खबर-खास

### यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों का सम्मान किया



**कवर्धा ( समय दर्शन )।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर और यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो के नेतृत्व में यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों का सम्मान किया गया। इस दौरान हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट का उपयोग करने वाले जिम्मेदार वाहन चालकों को चॉकलेट और गुलदस्ता देकर प्रोत्साहित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने चालकों को बधाई देते हुए कहा कि उनका यह अनुशासन न केवल उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है बल्कि समाज में भी एक सकारात्मक संदेश देता है। यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का पालन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरण जीवन बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर ने जनता से अपील की कि वे हमेशा यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। पुलिस का यह प्रयास सड़क पर जिम्मेदारी और सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया, जिसे जनता ने सराहा।

### कीवे इंडिया ने एक्सक्लूसिव लॉन्च ऑफर के साथ K300 SF लॉन्च किया

**नईदिल्ली।** आदिश्वर ऑटो राइड इंडिया (AARI) के तहत संचालित कीवे इंडिया ने अपनी लोकप्रिय K300 मोटरसाइकिल सीरीज के एक विशेष संस्करण कीवे K300 SF (स्ट्रीट फाइटर) को लॉन्च किया है। लॉन्च ऑफर के तहत पहले 100 ग्राहकोंको यह शानदार बाइक मात्र 1.69 लाख (एक्स-शोरूम) की विशेष कीमत पर उपलब्ध होगी। K300 SF, K300N का उन्नत संस्करण है और सीमित समय के लिए यह ऑफर परफॉर्मेंस मोटरसाइकिल के शौकीनों के लिए इसे एक आकर्षक विकल्प बनाता है। 300cc सेगमेंट में तेजी से बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच, K300 SF की यह विशेष कीमत पहले 100 ग्राहकों को प्रीमियम 300cc सेगमेंट में कदम रखने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है, जिससे वे भारतीय बाजार में दूसरों से अलग दिख सकें। लॉन्च पर बोलते हुए कीवे इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री विकास झाबख ने कहा, कीवे K300 SF हमारी उस सोच को दर्शाती है, जिसमें हम भारतीय राइडर्स की जरूरतों के अनुसार वर्ल्ड-क्लास प्रोडक्ट्स तैयार करते हैं। पहले 100 ग्राहकों के लिए विशेष कीमत पर K300 SF पेश कर, हम उन शुरुआती ग्राहकों को एक विशेष अनुभव देना चाहते हैं, जो हमारे इनोवेशन और परफॉर्मेंस के प्रति उत्साह साझा करते हैं। यह पहल K300 SF को एक मूल्यवान और आकर्षक विकल्प बनाती है। हमें पूरा विश्वास है कि यह मोटरसाइक्लिंग के शौकीनों को खूब पसंद आएगी। K300 SF एक स्पोर्टी डिजाइन और बेहतरीन प्रदर्शन का बेहतरीन मेल है, जो एक अद्वितीय राइडिंग अनुभव का वादा करती है। इसके नए नाम, अत्याधुनिक फीचर्स और विशेष कीमत के साथ, यह उन राइडर्स के लिए सबसे बेहतरीन विकल्प है, जो अपने राइड में एडवेंचर और अलग पहचान चाहते हैं।

### सैमसंग ने लॉन्च की गैलेक्सी एस25 सीरीज, आपका सच्चा AI साथी

**बेंगलुरु।** सैमसंग ने आज अपने नवीनतम गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस25+ और गैलेक्सी एस25 स्मार्टफोन को लॉन्च कर दिया, जो सैमसंग के अब तक के सबसे नैचुरल और कॉन्टेक्स्ट-अवेयर मोबाइल अनुभवों के साथ एक वास्तविक एआई सहयोगी के रूप में नए मानक को स्थापित करता है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में मोबाइल एक्सपीरिएंस बिजनेस के हेड और प्रेसिडेंट टी एम रो ने कहा, सबसे बेहतरीन इनोवेशन यूजर्स के अनुभव का प्रतिबिंब होता है और यही वजह है कि हमने गैलेक्सी एआई विकसित किया है ताकि हर कोई अपने डिवाइस के साथ अधिक स्वाभाविक और सहजता से बातचीत कर सके और यह भरोसा रख सके कि उनकी निजता सुरक्षित है। उन्होंने कहा, गैलेक्सी एस25 सीरीज एआई-एकीकृत ओएस की तरफ लेकर जाती है, जो टेक्नोलॉजी का उपयोग करने के तरीके और हम अपना जीवन कैसे जीते है, को लेकर हमारे नजरिए को बदल देता है। गैलेक्सी एस25 सीरीज वन यूआई 7 के साथ आने वाला पहला स्मार्टफोन है, जो सैमसंग का एआई-फर्स्ट प्लेटफॉर्म है। इसे सबसे सहज नियंत्रण प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम, कन्ट्रोल रूम, रिटर्निंग आफिसर कक्ष, एमसीएमसी एवं अनुवीक्षण इकाई का किया निरीक्षण

### व्यय और मीडिया मॉनिटरिंग के लिए की गई व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने आज गांधी मैदान स्थित मंगल भवन में नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए बनाये जा रहे स्ट्रांग रूम और मतगणना हॉल का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने रैम्प निर्माण,विद्युत,साफ-सफाई,बैरिकेटिंग, मतदान के लिए सामग्री वितरण, मतगणना के लिए टेबल व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं को व्यवस्थित करने के निर्देश दिये। इसके पश्चात उन्होंने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्थापित कन्ट्रोल रूम, रिटर्निंग आफिसर कक्ष, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) इकाई, व्यय अनुवीक्षण इकाई एवं शिकायत शाखा का निरीक्षण किया।संयुक्त जिला कार्यालय के प्रथम तल पर कक्ष क्रमांक 71 में स्थापित मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) के विभिन्न इकाई प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक,सोशल मीडिया और एफएम आकाशवाणी अनुवीक्षण इकाई का अवलोकन किया। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अवलोकन करने वाली टीम से विभिन्न टीवी चैनलों सहित स्थानीय केबल पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों एवं राजनीतिक विज्ञापनों तथा पेड न्यूज के संबंध जानकारी ली।इसके अलावा उन्होंने प्रिंट मीडिया के तहत स्थानीय अखबारों में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापन सहित अन्य पेड न्यूज सहित चर्चा, परिचर्चा की भी जानकारी ली और अब तक किए गए अनुवीक्षण कार्यों का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने व्यय अनुवीक्षण इकाई के निरीक्षण के दौरान टीम के सदस्यों द्वारा की जा रही मॉनिटरिंग के कार्यों का जायजा लिया। साथ ही संधारित की जा रही पंजियो का भी अवलोकन किया। उन्होंने व्यय मॉनिटरिंग के कार्यों को गंभीरता से करने के निर्देश मौजूद अधिकारी कर्मचारियों को दिए। केइस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश सिंह राजपूत, सहायक संचालक जनसंपर्क एवं एमसीएमसी सदस्य सचिव हेमनाथ सिदार सहित अन्य अधिकारी एवं मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) की टीम मौजूद रहे।

# ऑल इंडिया पाफी पैरा आर्म-रेसलिंग कप में दृष्टि बाधित छात्रों ने 14 मेडल किये हासिल



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** जिले के दिव्यांग बच्चों ने ग्वालियर में किया बेहतर प्रदर्शन गरियाबंद।कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल से जिले के आर्म-रेसलिंग खिलाड़ियों ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान कलेक्टर ने खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी।उन्होंने बच्चो को आर्म रेसलिंग खेल से संबंधित जानकारी लेते हुए उन्हें और अधिक मेहनत करते हुए।राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रिय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के उप संचालक डीपी ठाकुर,संस्था प्रमुख रामगुलाल सिन्हा,सक्षम स्कूल के प्रधान पाठक उमेश्वरी साहू और संस्था के सदस्य कोमल उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि ओपन चौंपियनशिप आर्म-रेसलिंग में सक्षम दिव्यांग आवासीय विद्यालय राजिम के दृष्टि बाधित बालक-बालिकाओं ने ऑल इंडिया पाफी पैरा आर्म-रेसलिंग कप 2025 ऑर्गेनाइज्ड ग्वालियर आर्म-रेसलिंग वेलफेयर एसोसिएशन अंडर द ऑस्पिसेज ऑफ मपावा एंड पाफ़ी 18 एवं 19 जनवरी में आयोजित प्रतियोगिता में अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया। पैरा पाफी के प्रेसीडेंट प्रीति झंगियानी,जनरल सेक्रेटरी डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया था। जिसमें जिले के 14 दिव्यांग बच्चों ने मेडल जीते। जिसमें भीष्म नारायण अंडर 55 किलो जूनियर कैटेगरी में गोल्ड मेडल,अंडर 60 किलो राइट हैंड जूनियर कैटेगरी में गोल्ड मेडल,अंडर 60 किलो लेफ्ट हैंड जूनियर कैटेगरी में गोल्ड मेडल,रामशरण ने अंडर 70 किलो लेफ्ट हैंड में ब्रांच मेडल,अंडर 60 किलो लेफ्ट हैंड में गोल्ड मेडल,अंडर 65 किलो जूनियर कैटेगरी में गोल्ड मेडल,हरित लोहार ने अंडर 50 किलो जूनियर कैटेगरी में सिल्वर मेडल,अंडर 60 किलो लेफ्ट हैंड में सिल्वर मेडल,राइट हैंड में गोल्ड मेडल एवं सिल्वर मेडल जीते।एमुनिया निषाद ने अंडर 60 किलो लेफ्ट हैंड में ब्रांस मेडल,अंडर 50 किलो जूनियर लेफ्ट हैंड में ब्रांस मेडल, राईट हैण्ड सिल्वर मेडल, ब्रांस मेडल जीते।

# श्री राम राज युवा संगठन गरियाबंद के तत्वाधान में रामोत्सव प्रथम वर्षगांठ 2025 दिव्यता एवं भव्यता के साथ मनाया गया




**गरियाबंद (समय दर्शन)।** ।22 जनवरी को ऐतिहासिक दिन 500 वर्षों के त्याग तपस्या बलिदान और संघर्षों के पश्चात पुरे भारत वर्षों के राम भक्तों के प्रयासों से अवधपुरी धाम अयोध्या में दिव्य एवं भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ तथा 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा हिन्दूत्व सनातन परंपरा वैदिक अनुष्ठान विधिवत पूजा अर्चना कर श्री राम लाल के बाल स्वरूप का विग्रह किया गया।

प्रथम वर्षगांठ रामोत्सव 2025 के उपलक्ष्य पर नगर द्म विभिन्न जगहों भजन कीर्तन पूजा अनुष्ठान के साथ स्थानीय गांधी मैदान में भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे गरियाबंद के कलाकार जो पुरे छत्तीसगढ़ के मानस मंचों मे तथा आरू साहू जैसे बड़े मंचों मे अपना कार्यक्रम किये दुर्गेश तिवारी नाइट शो एवं रायपुर की टीम के साथ आर्केस्ट्रा भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ।

श्री रामराज युवा संगठन के अध्यक्ष प्रकाश सोनी ने बताया प्रभु श्रीराम धर्म के मूर्तिमन्त स्वरूप हैं वे भारत की आत्मा है श्री रामजन्मभूमि पर भव्य श्री राममंदिर भारतीय मन की शान्वत प्रेरणा है परिणाम स्वरूप 500 वर्षों के कठिन संघर्ष के परिणाम स्वरूप 22जनवरी 2025 को प्रभु श्रीराम के बालरूप नूतन विग्रह को श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर के गर्भगृह में विराजित कर प्राण प्रतिष्ठा की गई।जिसके एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर दिनांक 22जनवरी 2024. बुधवार को प्रथम वर्षनांत समारोह 2025 का भव्य आयोजन रखा गया जिसमें समस्त नगरवासी भजन संध्या में झूमे तथा भक्तिमय वातावरण रहा भव्य महाआरती प्रसाद वितरण आतिशबाजी कर दीपोत्सव दिवाली मानाया गया कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन एवं समस्त नगरवासी जनप्रतिनिधि व्यापारी संघ का अभार एवं धन्यवाद।कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने विशेष योगदान रहा भानु प्रकाश सिंह राजपूत, खीर सिंह यादव, आकाश तिवारी ,रोमी सिन्हा, मुरली सिन्हा, भीम साहू, नवीन सिन्हा, आयुष सोनी, गजानन नागेश, निखिल साहू,प्रवीण सिन्हा, शुभम देवांशी, आदित्य साहू, हेमंत निषाद, राहुल साहू, मुकेश सोनी, हेमंत सिन्हा, कुणाल देवांगन, शुभम, सौरभ साहू, मानस ध्रुव, कुशाल साहू, वैभव सोनी, मुकेश नायक, रूपनारायण, सौरभ भुवार्य,तेजनाथ सिन्हा, रोहन यादव, गगन सिन्हा, सतीश, राहुल, शुभम भोसले, प्रकाश राजपुत, रितिक सोनी, यश सिन्हा, खेमेश सिन्हा एवं समस्त श्री रामराज परिवार के सदस्यों की उपस्थिति रही।

### क्रोमा की रिपब्लिक डे 2025 सेल में कीमतों में भारी गिरावट, इस बचत को आप कभी नहीं भूल पाएंगे

**रायपुर।** इस गणतंत्र दिवस पर, क्रोमा दे रहा है इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपकरणों पर भारी छूट के साथ यादगार बचत करने का मौका। नया साल शुरू होते ही उपभोक्ता क्रोमा की रिपब्लिक डे सेल का बेसब्री से इंतज़ार करते रहते हैं, इस साल 16 से 26 जनवरी, 2025 तक चलने वाली इस सेल में, www.croma.com और Tata Neu पर इन-स्टोर और ऑनलाइन दोनों जगह पर आकर्षक, अविश्वसनीय डील दी जा रही है। क्रोमा की रिपब्लिक डे सेल में उपभोक्ताओं को मिलता है इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपकरणों की विशाल श्रेणी पर बेहद आकर्षक छूट के साथ अपनी जीवनशैली को उन्नत करने का सही अवसर। 23 जनवरी से, गर्मी को मात दें क्रोमा 1.5ञ्ज 3 स्टार एसी के साथ, कीमतें 25,690 से आगे, अपनी रसोई में लाएं नयी ताज़गी, क्रोमा 303रु फ्रॉस्ट फ्री रेफ्रिजरेटर के साथ, कीमतें 24,590 से आगे। अब लॉन्ड्री करना होगा और भी आसान, क्योंकि क्रोमा 8यद्द टॉप लोड वॉशिंग मशीन मिलने वाली 14,390 से शुरू होने वाली कीमतों में, या चुनें 21,690 से शुरू होने वाली कीमतों में क्रोमा 7Kg फ्रंट लोड वॉशिंग मशीन। होम एंटरटेनमेंट के शौकीनों के लिए क्रोमा दे रहा है 30,990 से शुरू होने वाली कीमतों में 55-इंच ।।ष्ठ ञ्जङ्क या सिर्फ़ 42,990 में प्रीमियम 65-इंच HD Google TV भी आप खरीद सकते हैं। टेक-सैवी खरीदारों के लिए इंटेल i3 लैपटॉप के साथ बेहतरीन डील 26,530 से शुरू होने वाली कीमतों में मिल रही हैं। लेटेस्ट गैजेट की तलाश कर रहे हैं तो आपके लिए सैमसंग गैलेक्सी फोल्ड 5 की शुरूआती कीमत सिर्फ़ 98,990 है, जबकि Apple iPhone 16 की कीमत 39,490 है। आपको ज़्यादा से ज़्यादा फायदेमंद खरीदारी की खुशियां देने के लिए चुनिंदा बैंक कार्डों पर ?26,000 तक के इंस्टेंट कैशबैक दिए जा रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, एमेक्स, बॉब कार्ड्स, फेडरल बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, साउथ इंडियन बैंक और एचएसबीसी के साथ विशेष ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं।

### केंट आरओ सिस्टम्स लिमिटेड ने सेबी के पास दायर किया डीआरएचपी

**रायपुर।** केंट आर ओ सिस्टम्स लिमिटेड (कंपनी) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के ज़रिये इक्विटी शेयर पूंजी की पेशकश के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है। कुल पेशकश में प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर्स द्वारा 1 रुपये प्रति शेयर अंकित मूल्य वाले 10,094,568 इक्विटी शेयरों तक की 'बिक्री के लिए पेशकश' शामिल है। ब्रांड 'केंट' अच्छी तरह से स्थापित है और भारत में वाटर प्यूरीफायर उत्पाद श्रेणी में रिवर्स ऑस्मोसिस (फ्रआरओफ्र) तकनीक शुरू करने में अग्रणी के रूप में पहचाना जाता है। (स्रोत: टेक्नोपैक रिपोर्ट)। पिछले कुछ वर्षों में, कंपनी ने वाटर प्यूरीफायर उत्पाद श्रेणी में अपनी उत्पाद रेंज का विस्तार किया है, जो 30 सितंबर, 2024 तक 5.50 मिलियन से अधिक उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान कर रही है।

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली, जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

// ईश्तहार//

सर्वरराधारण जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी महारानुंद के ज्ञापन क्रमांक 15/एफ-2/अनुज्ञप्ति/पे.प./2021 महासमुंद दिनांक 03/02/2021 के अनुसार ग्राम सरायपाली में स्थित भूमि खसरा नं. 316/7 में रिटेल आउटलेट संचालन हेतु अनापत्ति प्रभाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली के माध्यम से इस न्यायालय को प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुन है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार काआक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो के स्वयं या अपने अभिनायक के माध्यम से दिनांक 05/02/2025 को उपस्थित होका पैदा कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

बाप दिनांक 21/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार सरायपाली

# कलेक्टर ने बाजार पहुंचकर दुकानदारों को सड़क पर सामान न रखने की समझाईश दी

### कलेक्टर ने कहा- कठोरता से नियमानुसार होगी कार्यवाही।



**कवर्धा ( समय दर्शन )।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गुरुवार की सुबह कवर्धा शहर के मुख्य बाजार मार्गों का निरीक्षण किया। इस दौरान सराफा लाइन, गुरुद्वारा मार्ग, रायपुर मार्ग सहित अन्य मुख्य मार्गों का जायजा लिया गया। कलेक्टर के साथ नगर पालिका अधिकारी, राजस्व विभाग के कर्मचारी और यातायात पुलिस बल भी उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने दुकानदारों से चर्चा करते हुए उनके द्वारा सड़क पर रखे गए सामान को हटाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि सड़क के दोनों ओर दुकान संचालकों द्वारा सामान रखने से यातायात में बाधा आ रही है और इससे नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने व्यापारियों को समझाइश दी कि वे अपने सामान को केवल दुकानों के भीतर ही रखें, ताकि यातायात सुचारू रूप से चल सके। कलेक्टर ने इस दौरान नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिया कि पूरे शहर में अभियान चलाकर सड़कों पर रखे गए सामान को हटाया जाए और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी व्यापारियों को विनम्रता से समझाया जा रहा है, लेकिन यदि भविष्य में नियमों का उल्लंघन होता है तो संबंधित दुकानदारों पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार कवर्धा शहर में यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बाजार क्षेत्र में सड़क पर सामान रखने से न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि इससे व्यापार पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे अपनी दुकानों को अंदर से सजाएं और सड़कों पर सामान रखने से बचें।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि यातायात व्यवस्था को सुधारना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें सभी व्यापारियों का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि यदि व्यापारी अभी से अपने व्यापार स्थल को व्यवस्थित कर लेते हैं तो प्रशासनिक कार्रवाई से बचा जा सकता है। इस अवसर पर व्यापारी संगठन ने भी प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

## संक्षिप्त-खबर

### ग्राम कैलाशपुर में हरि कीर्तन के उपलक्ष्य मे शोभायात्रा



**पिथौरा (समय दर्शन)।** पिथौरा क्षेत्रान्तर्गत के ग्राम में हरि कीर्तन के कार्यक्रम में ग्राम मे भक्ति मय माहौल में शोभायात्रा निकाली गई । इस दौरान शोभायात्रा मे ग्राम के माताएं बहने,श्रद्धालु भक्त वृन्द एवं नन्हें बाल गोपाल शामिल हुए आमंत्रित कीर्तन मंडली ग्राम किशनपुर, कैलाशपुर के दोनों टीम शामिल रहे। इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता उत्तर भोई एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक व सामाजिक पदाधिकारीगण आनंद भोई,कामपाल खमारी, रामरतन साहू, कामदेव यादव, विनोद साहू, ईश्वर यादव,दुलिकेशन साहू, नवीन साहू, प्रहलाद बरिहा, देवी नंद साहू, ललित यादव एवं अनेक ग्रामीण उपस्थित हुए।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती समारोह मनाई गई



**किरंदुल (समय दर्शन)।** नगर परियोजना स्थित डी ए वी पब्लिक स्कूल किरंदुल में आज दिनांक 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की 128 वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई ।कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के प्राचार्य पी एल वर्मा एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा नेताजी के तैलीय चित्र में माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया । 11वीं कक्षा के छात्र श्री साईं कृष्णा एवं के हरिता के द्वारा नेताजी के जीवनी पर प्रकाश डाला गया । विद्यार्थियों के द्वारा सुभाष जी के शौर्य एवं बलिदान का गौरव गान सुमधुर गीत द्वारा प्रस्तुत किया गया । वरिष्ट शिक्षिका श्रीमती विज्ञा त्रिपाठी एवं के पी सिन्हा द्वारा अपने प्रेरक उद्बोधन में उनके त्याग बलिदान शौर्य एवं वीरता के बारे में अपने विचार व्यक्त किए एवं विद्यार्थियों को उनसे देश भक्ति एवं देश प्रेम की प्रेरणा ग्रहण करने को कहा गया । ज्ञान एवं मनोरंजन से भरपूर कार्यक्रम का सफल संचालन सांस्कृतिक प्रभारी मृणाल कांति देघरिया के द्वारा किया गया । प्राचार्य पी एल वर्मा जी द्वारा विद्यालय में मनायें जाने वाले विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की महत्ता एवं उसके द्वारा प्रदत्त सीख से लाभान्वित होने की प्रेरणा विद्यार्थियों को दिया गया।

### एक ट्रैक्टर और एक ट्रक में अवैध परिवहन करते कुल 975 कट्टा अवैध धान जप्त



**महासमुंद (समय दर्शन)।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में अवैध धान खरीदी, परिवहन व भंडारण पर खाद्य विभाग व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई सतत जारी है। इसी क्रम में गढ़फुलझर और सराईपाली के बीच संयुक्त टीम द्वारा रात्रि में धान की अवैध परिवहन करते एक ट्रेक्टर और ट्रक को पकड़ा गया। जिसमें क्रमशः 100 कट्टा धान और 875 बोरे धान ले जाते हुए पकड़े गए। मिली जानकारी के अनुसार चिमरकेल इलाके में जांच के दौरान टीम द्वारा दोनों वाहनों को रोककर दस्तावेज मांगे गए। जांच में पाया गया कि ट्रेक्टर में लदा 100 कट्टा धान पूरी तरह से बिना दस्तावेज के था। वहीं ट्रक में लदे 875 बोरे धान गढ़फुलझर समिति से बरौली के रियांस राइस मील के लिए जारी डीओ (डिलीवरी ऑर्डर) के नाम पर धान का उठाव किया गया था। लेकिन, इसे बरौली के बजाय सराईपाली की ओर ले जाया जा रहा था। जो स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन है। दोनों वाहनों को तुरंत जप्त कर लिया गया है और अवैध धान के मालिकों से दस्तावेजों की पुष्टि और जांच शुरू कर दी है।

### जिला अस्पताल में एक्स-रे जांच के जरिए टी.बी. मरीजों की पहचान

**धमतरी/** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश में टी.बी. उन्मूलन के लिए कार्य किया जा रहा है। इसके मद्देनजर धमतरी जिले में टीबी उन्मूलन की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए ''निक्षय निरामय छत्तीसगढ़'' 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू.एल.कौशिक ने बताया कि अभियान के तहत टी.बी. के शंकास्पद मरीजों की खोज, उच्च जोखिम समूहों वाले व्यक्तियों का चिन्हांकन कर एक्स-रे जांच के माध्यम से टी.बी. मरीजों की पहचान की जा रही है।

# पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

- 10 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार




**बसना ( समय दर्शन )।** महासमुंद पुलिस बसना द्वारा अवैध शराब बिक्री रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। दिनांक 22 जनवरी 2025 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम राजपुर के खम्हन मार्ग पर पुलिस ने छापा मारकर आरोपी लक्ष्मीलाल गहीर (उम्र 54 वर्ष), निवासी राजपुर, थाना बसना, जिला महासमुंद (छत्तीसगढ़) को गिरफ्तार किया।

आरोपी के पास से एक पीले रंग की 20 लीटर प्लास्टिक जरकिन में लगभग 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब बरामद की गई। जिसकी कीमत 2000 रुपये आंकी गयी है। आरोपी यह शराब बिक्री के उद्देश्य से रखे हुए था।

जप्त संपत्ति का विवरण:
20 लीटर प्लास्टिक जरकिन
10 लीटर महुआ शराब (कीमत:लगभग ?2000)
आरोपी का विवरण:
नाम: लक्ष्मीलाल गहीर
पिता का नाम: निरपति गहीर
उम्र: 54 वर्ष
पता: ग्राम राजपुर, थाना बसना, जिला महासमुंद (छत्तीसगढ़)

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया और उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

संपूर्ण कार्यवाही मे पुलिस टीम बसना का सहयोग रहा । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जिले में अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# कल धमधा सहित कई सेवा सहकारी समितियां में धान खरीदी हो सकता है बंद






- प्रबंधक हमाल एवं कर्मचारियों ने किया लामबंद

**होमन सिंह ठाकुर समय दर्शन नंदिनी अहिवारा।** धमधा ब्लॉक के सभी सेवा सहकारी समितियां में से धमधा,देवरी, राहटादाह, ठेंगाभाठ,बरहापुर के में धान खरीदी बंद रहेगा मामला धान खरीदी केंद्र धमधा में हुए प्रबंधक से गाली गलौज और पैसे की मांग को लेकर है जिसमें कथा कथित अपने आप को पत्रकार कहने वाले व्यक्ति के आए दिन पैसे की मांग एवं गाली गलौज से प्रबंधक एवं हमला लोगों के ऊपर पैसा लेने का झूठा आरोप लगाकर झूठा समाचार देने एवं भ्रामक जानकारी फैलाकर प्रबंधक एवं हमाल भाइयों की छवि को धूमिल करने सहित सभी समितियां में आए दिन कुछ ना कुछ कमी वैसी निकाल कर पैसा की मांग पर तंग करने से आहत होकर यह निर्णय लिया गया है ।जिसकी शिकायत बीते कई दिनों से समिति के प्रबंधक ने तहसीलदार धमधा, अनुविभागीय अधिकारी धमधा, थाना प्रभारी धमधा किया गया जिसपर कोई भी कार्यवाही नहीं की गई थी। सभी प्रबंधक एवं कर्मचारियों द्वारा सुबह अपने उच्च अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर इस बात की जानकारी एवं शिकायत पर कार्यवाही की मांग करेंगे। और इस मामले पर कार्यवाही नहीं हुई तो उच्च स्तर पर शासन प्रशासन और देश के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले निष्पक्ष पत्रकार संघ को इस मामले से अवगत कराएंगे ताकि निष्पक्षता से प्रकाशन कर खबरें छापने वाले पत्रकार भाइयों की छवि धूमिल ना हो।

देश के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले सम्मानित पत्रकार भाइयों को ऐसे कुछ लोग जगह-जगह पैसा मांग कर और पत्रकार हैं का कर धौंस दिखाकर पत्रकार जगत की छवि को धूमिल कर रहे हैं किस पर कार्यवाही होना आवश्यक है

**बृजेंद्र दानी,वकील**

इस संबंध में जानकारी प्राप्त हुई है संबंधित विभाग को जानकारी दी गई है उचित कार्यवाही की जाएगी

**तार सिंह खरे,तहसीलदार**

# थाना अरनपुर क्षेत्र में 02 किलो का आईईडी तथा एक डमी आईईडी बरामद



- सुरक्षा बलों को नुक़सान पहुँचाने की नीयत से लगायी गई थी IED
- अरनपुर थाना बल और बीडीएस टीम दंतेवाड़ा की संयुक्त कार्यवाही

**दन्तेवाड़ा (समय दर्शन)।** पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा गौरव राय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा रामकुमार बर्मन अरनपुर एसडीओपी कल्पना वर्मा के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के अन्तर्गत नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए नक्सल गस्त सर्चिंग में वृद्धि हुई है और लगातार सक्रिय माओवादियों की धरपकड़ के लिए एरिया डोमिनेशन कार्यवाही की जा रही है ।इसी तारतम्य में मुखबिर की सूचना पर थाना अरनपुर क्षेत्र के ग्राम बर्रेम क्षेत्र में नक्सल गतिविधि एवं नक्सली पर्चा लगने की आसूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक शंकरलाल ध्रुव के हमराह में थाना अरनपुर की टीम नक्सल गश्त सर्च अभियान और एरिया डोमिनेशन की कार्यवाही के लिए थाना क्षेत्र में रवाना हुए थे की सर्चिंग के दौरान अरनपुर मुख्य मार्ग से लगभग 5 ग्ग्द्व की दूरी पर ग्राम समेली से बर्रेम जाने के रास्ते में 02 च्त्र का प्रेशर आईईडी बम मिला।थाना प्रभारी अरनपुर द्वारा इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई ।सुरक्षार्थ पुलिस लाइन कारली से बम डिस्पोजल स्क्वाड को मौके पर रवाना किया गया जहाँ आईईडी को सुरक्षा के लिहाज से ऐहतियात बरतते हुए मौके पर डिस्पोज किया गया। उक्त आईईडी को मौके पर डिस्पोज नहीं किया जाता तो निश्चित ही जान माल का नुकसान होता, उक्त कार्यवाही में निरीक्षक शंकर लाल ध्रुव थाना प्रभारी अरनपुर और थाना टीम एवं सूबेदार निर्मल सिंह , रामचंद्र कंवर, गौतम सोम, विनोद तिर्की ,डॉग हैंडलर कामता प्रसाद भारती का विशेष योगदान रहा।

# रायपुर -संबलपुर रेलवे लाईन निर्माण हेतु मुख्य अभियंता से भुवनेश्वर में समिति ने की मुलाकात

- रायपुर जिला कलेक्टर की रिपोर्ट नही मिलने पर कार्य आगे नही बढ़ पा रहा
- जमीन व मिट्टी परीक्षण का कार्य पूर्ण



**शंकर लहरे/ सरायपाली (समय दर्शन)।** रायपुर से संबलपुर नई रेलवे लाईन निर्माण हेतु रायपुर बरगढ़ रेल लाईन निर्माण संघर्ष समिति के सदस्यों द्वारा 3 अगस्त 2022 को दिल्ली रेलभवन में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर मांगपत्र सौंपा गया था । मामले की गंभीरता व क्षेत्र में रेल लाईन निर्माण की आवश्यकता को देखते हुवे अश्विनी वैष्णव द्वारा एक माह के अंदर ही निर्माण विभाग को सर्वे किये जाने का आदेश जारी कर दिया गया था । खुर्दा की एसएम कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा जमीनी व मिट्टी परीक्षण का कार्य समाप्त कर दिए जाने के बाद विभाग को सर्वे रिपोर्ट सौप दिया गया था । आगे की कार्यवाही , जानकारी व अन्य विषयों पर चर्चा किये जाने हेतु समिति का एक प्रतिनिधिमंडल 22 जनवरी को भुवनेश्वर स्थित रेलभवन जाकर मुख्य अभियंता ( निर्माण) से मुलाकात कर वस्तु स्थिति से अवगत होते हुवे जानकारी ली ।

इस संबंध में समिति के दिलीप गुप्ता ( समन्वयक ) , अविजित प्रतिहार ( संगठन मंत्री ) व सत्यजीत प्रधान ( सह सचिव ) द्वारा 22 जनवरी को भुवनेश्वर स्थित रेल भवन में मुख्य अभियंता शशिमोहन सिंह से मुलाकात कर उन्हें रायपुर संबलपुर रेललाइन प्रोजेक्ट पर सक्रियता पूर्वक व गंभीरता से कार्य कर उसे आगे बढ़ाने में योगदान दिए जाने को देखते हुवे शाल व पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया । इस संबंध में महासमुन्द सांसद रूपकुमारी चौधरी द्वारा रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव व जनरल मैनेजर ( पूर्वी तट रेलवे भुवनेश्वर ) को 22/6/24 को जारी पत्र भी प्रदान किया गया ।

अनौपचारिक चर्चा में बताया गया कि रेलमंत्री के निर्देशानुसार जमीन व पुल पुलियो के निर्माण हेतु सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है । रायपुर से संबलपुर के बीच 270 किलोमीटर रेल लाइन निर्माण हेतु संबलपुर , बरगढ़ , महासमुन्द व रायपुर जिले के अंतर्गत पड़ने वाली भूमि से संबंधित जानकारी संबंधित रायपुर जिला को छोड़कर अन्य सभी जिलों की जानकारी प्राप्त हो चुकी है । रायपुर जिले के अंतर्गत आने वाले भूमि की जानकारी प्रदाय किये जाने हेतु रायपुर जिला कलेक्टर को बार बार पत्र लिखा गया है किंतु अभी तक इसकी कोई भी जानकारी इस विभाग को उपलब्ध नही कराये जाने के कारण आगे की कार्यवाही नही बढ़ पा रही है । रायपुर कलेक्टर से जानकारी प्राप्त होते ही शीघ्र रिपोर्ट तैयार कर जनरल मैनेजर भुवनेश्वर को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जाएगा ।

इस संबंध में बताया गया कि कलेक्टर रायपुर को जिले के 3 तहसील क्रमश रायपुर , आरंग व मंदिर हसौद के 22 ग्रामो के रेल लाईन निर्माण में आने वाले भूमि की जानकारी मांगी गई थी जो निम्नानुसार है रायपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम रायपुर , खमतराई , शंकरनगर , तेलीबांधा , लाभांडी व गुमा , आरंग तहसील के ग्राम आकोली खुर्द , बोहारडीह , फरफौद , घोंट , बाना , पारासाठी , हरदी ,सेमरिया व कागदेही तथा मंदिर हसौद के अंतर्गत आने वाले ग्राम बकतरा , पिपरहट्टा , खमरिया , दिगहरी ,भानसोज ,मालिडीह व बरचा ग्राम से संबंधित भूमि की जानकारी अप्राप्त होने के कारण फाइल आगे नही बढ़ पा रही है ।

इस संबंध में समिति के सदस्यों ने मुख्य अभियंता को आश्वस्त किया कि इस संबंध में समिति का एक प्रतिनिधि शीघ्र ही रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल व रायपुर कलेक्टर से मुलाकात कर सम्बंधित ग्रामो की भूमि संबंधित जानकारी रेलभवन को शीघ्र उपलब्ध कराए जाने के संबंध में मुलाकात कर जानकारी उपलब्ध कराए जाने हेतु प्रयास करेगा । ताकि रेल निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ सके ।

# बस स्टैण्ड, म्युनिसिपल स्कूल, रिसाईपारा, रामबाग, अंबेडकर चौक के 100 मीटर क्षेत्र में तम्बाकू बेचने वाली दुकानों पर कार्रवाई

### 13 दुकानों पर 2 हजार रूपये से अधिक का लगाया जुर्माना




**धमतरी/समय दर्शन।** जिले में कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देशानुसार तम्बाकू नियंत्रण हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू एल कौशिक, जिला नोडल अधिकारी डॉ. एम.ए.नसीम के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग और खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा बस स्टैण्ड, म्युनिसिपल स्कूल, रिसाईपारा, रामबाग, अंबेडकर चौक के 100 मीटर क्षेत्र में तम्बाकू बेचने वाली दुकानों पर कार्रवाई की गई। की जांच की विभिन्न तम्बाकू बिक्री करने वाले दुकानों मे निरीक्षण कर कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वाले व्यक्ति सहित नियमों का उल्लंघन करने वाले पान दुकान, जनरल शॉप, टी-स्टॉल, किराना दुकानों मे तम्बाकू नियंत्रण बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही 13 दुकानों पर दो हजार 300 रुपए का जुर्माना किया गया। इस अवसर पर औषधी निरीक्षक श्री संदीप सूर्यवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला सागरपाली में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**सरायपाली (समय दर्शन)।** संकुल केन्द्र: दुर्गापाली के अंतर्गत शा.प्राथमिक व उच्च प्राथमिक शाला सागरपाली में तीन दिवसीय ,संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन एवम पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि अमृतलाल जगत,शाखा प्रबंधक जिला सहकारी बैंक सरायपाली,अध्यक्षता निमंकर पटेल संकुल प्राचार्य, विशिष्ट अतिथि लालचंद अग्रवाल सरपंच प्रतिनिधि ग्रामपंचायत सागरपाली,सोहन पटेल,लक्ष्मण पटेल प्रधान पाठक,उच्च प्राथमिक शाला,अभिमन्यु चौहान प्रधान पाठक प्राथमिक शाला सागरपाली,अर्जुन प्रधान उपस्थित थे। तीन दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में तीन उच्च प्राथमिक शाला,7 प्राथमिक शाला के प्रतिभागी खिलाड़ी शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विभाग व प्राथमिक विभाग के सामूहिक खेल व व्यक्तिगत खेल आयोजित हुए।पूरे प्रतियोगिता में ओवर ऑल चेम्पियनशिप का खिताब माध्यमिक विभाग में प्रथम स्थान उच्च प्राथमिक विद्यालय सागरपाली, द्वितीय उच्च प्राथमिक विद्यालय दुर्गापाली तथा प्राथमिक विभाग में




प्रथम स्थान प्राथमिक विद्यालय बुधुडोंगर,द्वितीय बिरसिंगपाली ने प्राप्त किया। सामूहिक खेलों में उच्च प्राथमिक विभाग में कबड्डी, खो-खो, रिले रेस,व्यक्तिगत में 100 मीटर,200 मीटर, लंबिकुद, कुर्सी दौड़,सुई व धागा दौड़, प्राथमिक विभाग से कबड्डी, खो-खो,रिलेरेस, जलेबी दौड़, बोरा दौड़, सुई-धागा,मेढक दौड़,,रंगोली व व्यक्तिगत में 89 मीटर,100 मीटर, लंबी कूद,कुर्सी दौड़, आलू दौड़,शामिल थे।

समापन समारोह में संकुल केंद्र के समस्त विद्यालय के द्वारा सुमधुर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इन कार्यक्रमों के बीच बीच में अतिथियों द्वारा विजयी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन में,संकुल समन्वयक मनोज साहू व शिक्षक-शिक्षिकाओं-अक्षय सिदार ,उस्ताद अली,रामकुमार मैत्री,कमलदास ,दिनेश साहू,पद्मलोचन पटेल,सोमनाथ मांझी, ममता पटेल, केशर खटकर,सुनील दाऊ, रीतांजली साहू,नरसिंह पटेल, ममता सिदार, पी टीआई रामप्रसाद यादव व अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ,राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दुर्गापाली के स्वयंसेवकों, ग्राम सागरपाली के पंचायत प्रतिनिधियों ,ग्रामीणों ,व्यापारी बंधुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर, समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26